वर्ष -09, अंक -303, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज , शनिवार, 17फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

**लखनऊ-** बीजेपी ने 8वां प्रत्याशी उतारकर सबको चौंकाया,बिल्डर संजय सेठ बीजेपी के राज्यसभा प्रत्याशी,संजय सेठ को जीतने के लिए 15 अतिरिक्त वोट चाहिए,प्रथम वरीयता के सेठ को 15 विधायक चाहिए,बीजेपी और समर्थक दलों के पास 20-22 विधायक हैं,विपक्ष में क्रॉस वोटिंग होगी तभी जीत पाएंगे सेठ,राजभर और आरएलडी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है,2 विधायक जेल में होने की वजह से वोट नहीं डाल पाएंगे,4 विधायकों की मृत्यु की वजह से उनकी सीटें रिक्त हैं,कांग्रेस के 2 का 1 भी महत्वपूर्ण रोल में है,राजा भैया के जनसत्ता दल के पास भी 2 वोट हैं,संजय सेठ को इन वोटों के लिए दम लगाना होगा,12-15 विपक्षी विधायकों के वोट क्रॉस हुए तभी सेठ जीतेंगे.लखनऊ- उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में नया मोड़,बीजेपी ने अपना 8वां प्रत्याशी चुनाव में उतारा,संजय सेठ बीजेपी से आज नामांकन करेंगे,समाजवादी पार्टी पहले ही 3 प्रत्याशी उतार चुकी है,संजय सेठ मैदान में उतरे तो विधायकों की वोटिंग तय,आरएलडी पहले ही सपा से अलग हो चुकी है,पल्लवी पटेल ने भी वोट देने से मना कर दिया,प्रत्याशी को जीत के किए 37 वोट प्रथम वरीयता के चाहिए,राज्यसभा में बीजेपी का नया गेम, विपक्ष में हलचल बढ़ी.लखनऊ- ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी 4.0 के लिए यूपी सरकार तैयार,19 फरवरी को लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीबीसी का करेंगे शुभारंभ ,मेहमानों के लिए किये गए व्यापक इंतजाम,एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक व्यापक इंतजाम,274 अति विशिष्ट उद्योगपति कार्यक्रम में होंगे शामिल,केंद्र और अन्य राज्यों के 52 मंत्री भी आ रहे लखनऊ ,एयरपोर्ट टर्मिनल में मेहमानों के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई ,मेहमानों के लिए एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था.लखनऊ-मंत्री आशीष पटेल का पल्लवी पटेल पर बड़ा आरोप, मीडिया में बने रहने के लिए वो ड्रामा करती हैं-आशीष, ये सब पल्लवी पटेल की पुरानी हरकत है- आशीष, 'जो कार्यक्रम हम करते हैं उसी में ये ड्रामा करती हैं', 'पल्लवी पटेल ने बहन का हक छीनने का काम किया' , पल्लवी पटेल को पीडीए की चिंता है-आशीष पटेल.लखनऊ-16 फरवरी को कांग्रेस की यात्रा पहुंचेगी चंदौली, भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका, चंदौली से प्रियंका गांधी यात्रा में शामिल होंगी, राहुल गांधी के साथ न्याय यात्रा में शामिल होंगी.।







आधुनिक समाचार विशेषांक का हुआ आभासी विमोचन आधुनिक समाचार पत्रिका प्रमुख संगीता शर्मा द्वार संक्लित मासिक विशेषांक माघ मेला अंक का आज वर्चुअली विमोचन किया गया जिसमें आधुनिक समाचार के सभी सदस्य मौजुद रहे बसंत पंचमी के शुभ दिन माघमेला विशेषांक का विमोचन किया गया माघमेला प्रभारी दिलीप जायसवाल, रेडियो प्रमुख सुधांशु शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रामजी केसरवानी, मोहम्मद इम्तियाज आकाश केसरवानी का धन्यवाद पत्रिका प्रमुख ने ग्यापित किया एवं प्रति माह विशेषांक निकालने का निणय लिया गया अगला मासिक अंक महिला दिवस विशेषांक होगा।

## तालिबान में विदेशी आतंकियों को मिल रही पूरी छूट

**संयुक्त राष्ट्र।** तालिबान में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है।

## बस्ती संपर्क अभियान में पात्रों तक पहुंचा रहे लाभ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया के नेतृत्व में अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद सोनभद्र ग्राम पंचायत लोढ़ी में संपनन्‍ हुआ अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया प्रधानमंत्री के द्वारा जनता जनार्दन के घर तक लोक कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है धरातल पर गांव-गांव जाकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक प्रमुख संगठन के कार्यकर्ता पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाने के लिए उनका फार्म भरवाने का भी काम किया जा रहा है गांव गांव की माताएं बहने प्रभु श्री राम जी के मंदिर को लेकर बहुत ही उत्साहित हैं 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद माताएं बहने दे रही है निश्चित तौर पर इस बार 400 के पार का नारा सच साबित होगा।मोदी सरकार का सपना हर घर पहुंचे योजनाओं का लाभ साकार करने को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहा बस्ती संपर्क अभियान पत्रों तक पहुंचा जा रहा उनका लाभा इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष प्रमिला जायसवाल, अमन वर्मा, रमेश कनौजिया, आशीष भारती, संजय कुमार चौधरी ,आलोक रावत, रवि कनौजिया, संजय कुमार पासवान, अमित भारती ,मंजू देवी ,सुशीला देवी, आशा भारती, सुनीता भारती उपस्थित रहे।

## शंकरगढ़ में आबकारी विभाग ने गांजा माफियाओं से मिलाया हाथ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** शंकरगढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार से मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए आबकारी विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है । लेकिन भांग के ठेके पर आबकारी विभाग के सिपाही की वसूली की चर्चा इन दिनों जोरों पर दिख रही है । शंकरगढ़ नगर पंचायत स्थित मोदीनगर में खुले भांग के ठेके में भांग के अलावा खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है कस्बे के युवा शराब पीने के बाद चिलम व सिगरेट में गांजा भरकर धड़ल्ले से पीकर नशे के आदी होते जा रहे हैं । बेरोजगार नवयुवक नशे की लत पूरा करने के लिए अपने घरों में चोरी करने से नहीं हिचकते । मुख्य बात यह है कि कस्बे में इन ठेकों के अलावा कई जगह आबकारी विभाग की छत्रछाया में गांजा बेचा जा रहा है । भांग के ठेकेदारों पर कार्रवाई के बजाय आबकारी विभाग के कुछ सिपाही एवं दरोगा ठेकेदारों से



मिलकर उनसे हर महीने मोटी रकम वसूलने का काम कर रहे हैं । शंकरगढ़ क्षेत्र अवैध मादक पदार्थों का पहले से ही गढ़ बना हुआ है । जिसका रिकार्डो में ही दर्ज है , पिछले कुछ वर्षों से आज तक के ही अवैध मादक पदार्थों की पुलिस द्वारा की गई बरामदगी को देख लिया जाए तो पता चल जाता है कि क्षेत्र में कितने बड़े पैमाने पर आबकारी मिले हुए हैं ऐसे लोग जो भांग के ठेके की आड़ में गांजा सप्लाई कर अच्छी मोटी कमाई कर रहे हैं । जिसमें आबकारी पुलिस महकमा की मिली भगत है और आज तक इस पर अंकुश लगाने का किसी भी प्रकार का कोई प्रयास नहीं किया ।

## साल बाद अपने अंजाम तक पहुंची 680 किलो भारी सैटेलाइट, इसरो ने सफलतापूर्वक वायुमंडल में कराई एंट्री

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बेंगलुरु।** 17 साल पहले लॉन्च की गई भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की कार्टोसैट-2 सैटेलाइट नष्ट हो गई। इसरो के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि कार्टोसैट-2 सैटेलाइट को 14 फरवरी को अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में लाया गया।17 साल पहले लॉन्च की गई इसरो की कार्टोसैट-2 सैटेलाइट नष्ट हो गई। इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि सैटेलाइट को 14 फरवरी को अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में लाया गया। ऐसे में या तो सैटेलाइट जल गई होगी या सेटलाइट का बचा हुआ हिस्सा समुद्र में गिर गया होगा जिसको हम ढूंढ नहीं पाएंगे। इसरो के मुताबिक कार्टोसैट-2 सैटेलाइट को 2007 में लॉन्च किया गया था।बकौल अधिकारी, सैटेलाइट ने 14 फरवरी को तीन बजकर 48 मिनट पर हिंद महासागर के ऊपर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। ऐसे में या तो सैटेलाइट जल गई होगी या सेटलाइट का बचा हुआ हिस्सा समुद्र में गिर गया होगा, जिसको हम ढूंढ नहीं पाएंगे।इसरो के मुताबिक, कार्टोसैट-2 सैटेलाइट को 10 जनवरी, 2007 को लॉन्च किया गया था। लॉन्च के समय इसका वजन 680 किलोग्राम था और यह 635 किमी की ऊंचाई पर सन-सिंनक्रोनस पोलर ऑर्बिट में तैनात किया गया था। साल 2019 तक यह शहरी नियोजन के लिए हाई-रेजोल्यूशन



तस्वीरें मुहैया कराता था।बकौल रिपोर्ट, शुरुआत में यह उम्मीद थी कि कार्टोसैट-2 सैटेलाइट प्राकृतिक तौर पर 30 साल में गिरेगी। हालांकि, इसरो ने अंतरिक्ष मलबे को कम करने पर अंतरराष्ट्रीय गाइडलाइन्स का पालन करने के लिए बचे हुए ईंधन का इस्तेमाल कर इसे जमीन पर गिराने का विकल्प चुना।अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (घ्ऱ्ॲण) के सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस (घ्ए4श्) टीम ने 14 फरवरी को कार्टोसैट-2 के वायुमंडलीय पुनः प्रवेश की भविष्यवाणी की। 14 फरवरी को इलेक्ट्रिकल पैसिवेशन पूरा हो गया। उस वक्त सैटेलाइट पृथ्वी से 130 किमी की ऊंचाई पर था।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का गोष्ठ कर हुआ भव्य समापन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** सड़क सुरक्षा, दुर्घटना में रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने महत्व के बारे में जानकारी दी गई। दुर्घटना से बचने लोगों को सुरक्षा उपाय व सुझाव दिए गए। यातायात के पालन में शराब पीकर वाहन ना




के लिए एक माह से चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का एआरटीओ कार्यालय परिसर में समारोह समापन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वाहन चालक व परिचालक शामिल हुए।बता दें कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यातायात क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार सिंह रहे, जिन्होंने आमजन के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया।उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि जीवन अनमोल है, इससे आँखे चार करें। सड़क पार करते समय पहले दाएं-बाएँ देखें फिर सड़क को पार करें।आपको बता दें महीने भर के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों के जीवन के चलाए, ट्रिपलिंग सवारी ना करें, हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करें, हेलमेट लगाए, स्पीड ड्राइविंग ना करें सहित ट्रैफिक रूल का पालन करें।एआरटीओ राजेश्वर यादव ने कहा कि यातायात से होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए विभाग, हम सब, परिजन, स्वयं अपनी अपनी जिम्मदारी पूर्वक सहयोग कर सहभागिता निभाए ताकी दुर्घटना के आंकड़ों में कमी लाई जा सके। एक बार मिलने वाले बहुमूल्य जीवन को बचाने में सभी सहयोग करें। इस मौके पर संभागीय निरीक्षक आलोक यादव, टीआई अमित सिंह, वरिष्ठ लिपिक कृपांकर दूबे, ललित त्रिपाठी, विनोद सोनकर, रामकुंअर खरवार, गुणवंती, सारथी अशोक पाण्डेय, हरिओम, राजू सिंह आदि रहे।

## घोर मोदी विरोध पीएम का कांग्रेस पर बड़ा हमला बोले- मुझे गाली देना ही इनका एजेंडा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश, ॒ण्ण् ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्टराज्य ब्यूरो, कोलकाता। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) जमीनी स्तर पर जानकारी जुटाने के बाद सक्रिय है। संदेशखाली की यात्रा के 24 घंटे के भीतर राष्ट्रपतिभवन को एनसीएससी की पूर्ण पीठ ने रिपोर्ट भेज दी है, जिसमें हर कदम पर बंगाल



पुलिस प्रशसान द्वारा असहयोग से लेकर जांच में लापरवाही समेत कई और आरोप लगाकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा की गई है।अरुण हलदर ने बताया कि आयोग ने संदेशखाली में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संदेशखाली का दौरा किया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि वहां के हालात ठीक नहीं है।अरुण हलदर ने बताया कि आयोग ने संदेशखाली में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संदेशखाली का दौरा किया था।बताते चलें कि संदेशखाली मामले में अनुसूचित जाति की महिलाओं व लोगों पर अत्याचार का आरोप तृणमूल नेता उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हाजरा उर्फ शिबू पर लगा है। अनुसूचित जाति आयोग की टीम गुरुवार संदेशखाली गई थी। क्षेत्र का दौरा करने के बाद अनुसूचित जाति आयोग ने राष्ट्रपति भवन को रिपोर्ट सौंपी। हालांकि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई, लेकिन आयोग के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वे राष्ट्रपति शासन की मांग करते हैं।इधर, संदेशखाली को लेकर फिर से कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित मामला दायर किया गया है। वकील ने मुकदमा दायर करने की अनुमति मांगी।

## पीएम का कांग्रेस पर बड़ा हमला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने राजस्थान को बड़ी सौगात दी। उन्होंने शुक्रवार को 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले पूरे देश में होने वाले बड़े-बड़े घोटालों आए दिन होने वाले



उद्घाटन व शिलान्यास किया। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राजस्थान की जनता को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी एक बार फिर कांग्रेस पर बरसे हैं। राजस्थान में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने कई बम धमाकों की चर्चा रहती थी। लोग सोचते थे कि उनका और देश का क्या होगा।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के साथ एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि वह दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं बना सकती। कांग्रेस न भविष्य को भांप सकती है और न ही भविष्य के लिए उसके पास कोई रोडमैप है।




उत्तर प्रदेश के माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी का नंद गोपाल नंदी जी ने आज प्रयागराज की संगम की पग्वन नगरी में गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया

## राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने चला बड़ा दांव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। भाजपा ने कई राज्यों में ज्यादा उम्मीदवार उतारकर विपक्ष के लिए मुकाबला कठिन बना दिया है। भाजपा ने कई राज्यों में ज्यादा उम्मीदवार उतारकर मुकाबला कांग्रेस के लिए कठिन बना दिया है। भाजपा ने अपने सभी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सूची में नए चेहरों को मौका दिया गया है। इसमें 28 में से 24 नए चेहरे हैं। भाजपा ने इस बार यूपी और हिमाचल से एक-एक ज्यादा उम्मीदवार उतारकर विपक्षी खेमे को सकते में डाल दिया है।भाजपा ने अपने सभी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सूची में नए चेहरों को मौका दिया गया है। इसमें 28 में से 24 नए चेहरे हैं। भाजपा ने जिन चार सांसदों को दौबारा उतारा है उनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का नाम शामिल है। भाजपा ने कई बार पहले ही ये साफ किया है कि वो कई बड़े नेताओं को इस बार राज्यसभा की जगह लोकसभा चुनाव लड़ाएगी। राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची के बाद ये साफ भी हो गया है। अब केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, नारायण राणे, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, पीयूष गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा चुनाव में उतारने की तैयारी है।भाजपा ने इस बार यूपी और हिमाचल से एक-एक ज्यादा उम्मीदवार उतारकर विपक्षी खेमे को सकते में डाल दिया है। दरअसल, भाजपा के इस दांव से यूपी में एसपी की एक सीट फंस सकती है, तो वहीं हिमाचल में कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी की सीट फंस सकती है।हिमाचल में वैसे तो कांग्रेस के पास पूरा संख्याबल है, लेकिन यहां भी एक पेंच फंस सकता है। दरअसल, 68 सदस्या असेंबली में कांग्रेस के पास 40 तो भाजपा के पास 25 विधायक है। कांग्रेस को यहां जीत के लिए 34 विधायक चाहिए, लेकिन पार्टी में असंतोष के कारण यहां क्रॉस वोटिंग का खतरा है। कांग्रेस में वैसे भी क्रॉस वोटिंग का पुराना इतिहास रहा है। कर्नाटक में चार सीटों पर चुनाव है और यहां तीन सीट कांग्रेस और एक सीट पर भाजपा और जेडीएस गठबंधन का जीतना तय माना जा रहा। कांग्रेस ने कर्नाटक से अजय माकन, अनिल कुमार यादव और नासिर हुसैन को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा-जेडीएस ने दो उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने नारायणसा बांगडे को तो जेडीएस ने पूर्व राज्यसभा सदस्य डी.कुपेंद्र रेड्डी को उतारा है।यहां 224 विधायकों की असेंबली में कांग्रेस के 135 विधायक, भाजपा के 66 और जेडीएस के 19 विधायक हैं।

## सुंदरपुर में नहर पर पुलिया न होने से लोगों को हो रही है परेशानी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर



की सगरा सुंदरपुर ग्राम पंचायत में सगरा रजवाहा कि0 मी032.60 पर पुलिया न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस ग्राम पंचायत के वीरेंद्र कुमार गोविंदापुर ने उच्च अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में शिकायत किया था कि सगरा रजवाहा में पानी न आने से जहां किसानों को अपनी फसल की क्षति उठानी पड़ रही है।वहीं सगरा रजवाहा पर उपरोक्त स्थल पर पुलिया न होने से लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही खेतों की जुताई आदि करने के लिए नहर पार करके ट्रैक्टर ले जाने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।उनके खेतों की जुताई भी नहीं हो पाती है। सहायक अभियंता तृतीय सिंचाई खंड प्रतापगढ़ ने वीरेंद्र कुमार को 4 जनवरी को लिखें पत्र में आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही उस स्थल पर पुलिया का निर्माण करवा दिया जाएगा।उसका प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है लेकिन अभी तक धरातल पर कोई कार्यवाही न होने से यह पत्र केवल हवा हवाई साबित हो रहा है जिससे ग्रामीणों में निराशा है।

## न्याय यात्रा के दौरान जिले में तीन नुक्कड़ सभाएं करेंगे राहुल गांधी, रात्रि में करेंगे विश्राम


(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रयागराज में राहुल गांधी की कोई जनसभा तो प्रस्तावित नहीं है, लेकिन तीन स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं करेंगे। इस दौरान वाहन से ही लोगों के बीच अपनी बात रखेंगे। यात्रा 18 फरवरी को दो बजे गोपीगंज से होते हुए प्रयागराज में प्रवेश करेगी।भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रयागराज में राहुल गांधी की कोई जनसभा तो प्रस्तावित नहीं है, लेकिन तीन स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं करेंगे। इस दौरान वाहन से ही लोगों के बीच अपनी बात रखेंगे। यात्रा 18 फरवरी को दो बजे गोपीगंज से होते हुए प्रयागराज में प्रवेश करेगी। हंडिया, झूंसी, बालसन, तेलियरगंज, फाफामऊ होते हुए शाम साढ़े छह बजे सोरांव पहुंचेगी। सकरामऊ स्थित स्कूल के मैदान में रात्रि विश्राम करेगी।इस दौरान राहुल हंडिया के पास हबुआ मोड़, शहर में लक्ष्मी टॉकीज चौराहा, सोरांव में वैन से ही यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करेंगे। अगले दिन सुबह नौ बजे यात्रा प्रतापगढ़ को रवाना होगी।यात्रा में प्रियंका गांधी, वरिष्ठ नेता जयराम रमेश समेत कई नेता शामिल होंगे। यात्रा में युवाओं-छात्रों, किसानों और महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल भी इनसे मिलेगा। राहुल से मुलाकात करने वालों की सूची तैयार की जा रही है। मुलाकात स्वराज भवन में



होगी या कहीं और इसे लेकर भी मंथन किया जा रहा है।इविवि छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारियों, नागरिक समाज व कर्मचारी नेताओं ने भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समर्थन करने के साथ इसमें अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की अपील की। प्रेसवार्ता में पूर्व अध्यक्षों अनुग्रह नारायण सिंह, विनोद चंद्र दुबे, केके राय, प्रभुनाथ द्विवेदी, नागरिक समाज के अंशू मालवीय, कर्मचारी नेता सुभाष पांडेय, ऋषेश्वर उपाध्याय ने शुक्रवार को किसानों और कर्मचारियों की ओर से घोषित भारत बंद का भी समर्थन किया।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, राहुल के स्वागत का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रमोद यात्रा में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार शाम को चंदौली के लिए रवाना हो गए। गंगापार के अध्यक्ष सुरेश यादव, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद आदि ने प्रमोद तिवारी का उनके आवास पर स्वागत किया।इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सभाजीत यादव न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

## नए जमाने का कानून पढ़ेंगे विधि विश्वविद्यालय के छात्र, रोजगार के लिए पैदा करेंगे नए अवसर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**कुलपति प्रो.उषा टंडन के अनुसार पारंपरिक के साथ विश्वविद्यालय में ऐसे पाठ्यक्रम




भी पढ़ाए जाएंगे जो उभरते कानूनी परिदृश्य को पूरा करते हैं। प्रौद्योगिकी कानून के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों में पर्यावरण कानून, उद्योग में बौद्धिक संपदा अधिकारों को कवर करने वाला मनोरंजन एवं मीडिया कानून आदि विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।डॉ.राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरपीएनएलयू) का शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन होने के साथ ही यह विश्वविद्यालय पूरी तरह से गतिशील हो जाएगा। सबसे पहले बीएएलएलबी की पढ़ाई शुरू होगी, जिसके लिए प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। पारंपरारिक पाठ्यक्रमों के साथ इस विश्वविद्यालय में छात्रों को नए जमाने के कानून से जुड़े नए पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएंगे, जो छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।कुलपति प्रो.उषा टंडन के अनुसार पारंपरिक के साथ विश्वविद्यालय में ऐसे पाठ्यक्रम भी पढ़ाए जाएंगे जो उभरते कानूनी परिदृश्य को पूरा करते हैं। प्रौद्योगिकी कानून के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों में पर्यावरण कानून, उद्योग में बौद्धिक संपदा अधिकारों को कवर करने वाला मनोरंजन एवं मीडिया कानून, देखभाल और जैव नैतिकता कानून, वैश्विक अधिकारों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाला अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, खेल कानून आदि शामिल हैं।

## प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला के लिए रोकी गई पुणे-दानापुर एक्सप्रेस

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**पुणे-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के बी-6 कोच की बर्थ संख्या 53 पर 20 वर्षीय नजनी खातून नाम की गर्भवती युवती सफर कर रही थी। उसका दानापुर तक का रिजर्वेशन था। प्रयागराज की ओर आ रही इस ट्रेन में महिला को सतना के बाद ही प्रसव पीड़ा शुरू हुई।पुणे से प्रयागराज छिवकी आ रही पुणे-दानापुर एक्सप्रेस में बीती रात एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। यह देख ट्रेन को प्रयागराज मंडल के मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर रोका गया, जबकि वहां ट्रेन का ठहराव नहीं था। इस बीच ट्रेन में ही जीआरपी की महिला आरक्षी और स्थानीय महिलाओं ने चादर का घेरा बनाया। इसके बाद महिला ने एक बच्चा जना। बाद में रेल प्रशासन ने महिला को एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर भेजा।

## सीएम योगी का एक घंटा आरक्षित, कर सकते हैं महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलिकॉप्टर चार बजे पुलिस लाइन मैदान पर उतरेगा। वहां से वह सीधे एएमए



सभागार पहुंचेंगे। वहां आधे घंटे का समय आरक्षित है। इसके बाद साढ़े चार से छह बजे तक वह उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। फिर आधे घंटे का समय आरक्षित रखा गया है। यहां से वह बमरौली एयरपोर्ट और वहां से लखनऊ जाएंगे।डॉ.राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को शामिल होने के लिए आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में दो घंटे 40 मिनट रहेंगे। इस दौरान उनका तकरीबन एक घंटे का कार्यक्रम आरक्षित रखा गया है।उनका हेलिकॉप्टर चार बजे पुलिस लाइन मैदान पर उतरेगा। वहां से वह सीधे एएमए सभागार पहुंचेंगे। वहां आधे घंटे का समय आरक्षित है। इसके बाद साढ़े चार से छह बजे तक वह उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। फिर आधे घंटे का समय आरक्षित रखा गया है। यहां से वह बमरौली एयरपोर्ट और वहां से लखनऊ जाएंगेस माना जा रहा है कि तकरीबन एक घंटे के आरक्षित कार्यक्रम के दौरान वह अफसरों संग महाकुंभ-2025 की तैयारियों पर वार्ता कर सकते हैं।

## सरकारें वैसे ही कर वसूलें जैसे फूल को छेड़े बिना शहद इकट्ठा करती है मधुमक्खी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**याचिकाकर्ता हॉकिन्स कंपनी है, जो प्रेशर कुकर के निर्माण और बिक्री से जुड़ी है। याची का मुख्य कार्यालय 83/6, बीएम मार्केट, जूही, कानपुर में है। कारखाना सीडा इंडस्ट्रियल एस्टेट, सतहरिया, जौनपुर में स्थित है। प्रेशर कुकर के निर्माण के लिए कच्चा माल महाराष्ट्र से आना था।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि 'सरकार को उसी तरह कर वसूलना चाहिए, जैसे मधुमक्खी फूल की पंखुड.ियों को छेड़े बिना उससे शहद इकट्ठा करती है'। न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ की कोर्ट ने कुकर के व्यवसाय से जुड़ी हॉकिन्स कंपनी पर लगाए गए टैक्स, जुर्माना और जब्ती के मामले में सुनवाई के दौरान जुर्माने को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की।याचिकाकर्ता हॉकिन्स कंपनी है, जो प्रेशर कुकर के निर्माण और बिक्री से जुड़ी है। याची का मुख्य कार्यालय 83/6, बीएम मार्केट, जूही, कानपुर में है। कारखाना सीडा इंडस्ट्रियल एस्टेट, सतहरिया, जौनपुर में स्थित है। प्रेशर कुकर के निर्माण के लिए कच्चा माल महाराष्ट्र से आना था। इस दौरान 8 ई-वे बिलों में से चार में आपूर्ति का स्थान सतहरिया, जौनपुर स्थित फैक्ट्री बताया गया है।अन्य 4 ई-वे बिलों में आपूर्ति के स्थान को गलती से कानपुर स्थित कार्यालय बताया गया, जहां कोई विनिर्माण नहीं होता है।कच्चे माल को 31 जनवरी, 2020 को रोका गया था और हिरासत का मेमो 1 फरवरी 2020 को जारी किया गया था और बाद में मूव-06 जारी करके 3 फरवरी, 2020 को माल को जब्त कर लिया गया था।याची अधिवक्ता शुभम अग्रवाल ने बताया कि ई-वे बिल में आपूर्ति के गलत स्थान का उल्लेख महज एक तकनीकी त्रुटि थी। माल के साथ आए सभी चालान और बिल्टी पर गंतव्य का सही पता यानी जौनपुर अंकित है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा की गई मात्र तकनीकी त्रुटि के परिणामस्वरूप याची पर इतना कठोर जुर्माना नहीं लगाया जा सकता। कोर्ट ने अर्थशास्त्र में चाणक्य द्वारा कर के संबंध में कही गई बात का भी उल्लेख किया।

## परिणाम अगर निष्पक्षता के लिए घोषित हुआ तो हस्तक्षेप की जरूरत नहीं

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।**कोर्ट ने सहायक अध्यापक भर्ती के घोषित परिणाम की जांच कर नया परिणाम घोषित कर पुराना परिणाम निरस्त करने के सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी के आदेश की वैधता की चुनौती याचिकाओं में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रतियोगी परीक्षा की निष्पक्षता में दिशा-निर्देश का पालन भी शामिल हैं। यदि निर्देशों का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है और कंप्यूटर ने विषय शिफ्ट के आधार पर ओएमआर सीट की जांच नहीं करता तो यह विधिक गलती नहीं है।कोर्ट ने



सहायक अध्यापक भर्ती के घोषित परिणाम की जांच कर नया परिणाम घोषित कर पुराना परिणाम निरस्त

करने के सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी के आदेश की वैधता की चुनौती याचिकाओं में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने रंजीत कुमार यादव सहित 177 अभ्यर्थियों की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। मामले में 19 फरवरी 21 के शासनादेश के तहत सहायक अध्यापकों की भर्ती की गई। 15 नवंबर 21 को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी याची सफल घोषित किए गए। किंतु, छह सितंबर 22 को संशोधित परिणाम घोषित किया गया। इसमें याचियों को शामिल नहीं किया गया।




# अध्यक्ष राजस्व परिषद ने सर्वप्रथम विन्ध्याचल पहुँचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी किया दर्शन पूजन तथा कारीडोर कार्य प्रगति कार्य का किया निरीक्षण


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
मीरजापुर।मीरजापुर 15 फरवरी 2024- अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश हेमंत राव ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान पूर्वान्ह विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का विविधवत मंत्रोचार के साथ दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अध्यक्ष राजस्व परिषद का स्वागत व अभिनन्दन किया। दर्शनोपरान्त अध्यक्ष द्वारा निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर के प्रगति कार्य का भी भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा कारीडारे के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। तत्पश्चात अध्यक्ष हेमंत राव कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा उन्हे पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर में ही गार्ड आफ ऑनर की सलामी भी दी गयी। अध्यक्ष महोदय द्वारा जिलाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय तथा अपर जिलाधिकारी भू0/रा0, राजस्व अभिलेखागार का विधिवत निरीक्षण किया गया। संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण, कृषक दुघर्टना बीमा में मुआवजा के वितरण की स्थिति व लम्बित प्रकरण, भू लेख अनुभाग के हैसियत व आय जाति, निवास, चरित्र सत्यापन आदि की स्थिति, दैवी आपदा में विभिन्न लाभाथिर्यो को मुआवजा वितरण की स्थिति तथा मृतक आश्रित नियुक्ति पत्रावली, लोकतंत्र सेनानियों के मानदेय/पेंशन भुगतान, गार्ड फाइल आदि का एक-एक पटल पर जाकर पत्रावलियो का निरीक्षण किया तथा कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान आनलाइन प्राप्त



विभिन्न प्रार्थना पत्रो तथा उसके निस्तारण की स्थिति को कम्प्यूटर पर बैठकर निरीक्षण किया गया। कृषक दुघर्टना बीमा के निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि योजनान्तर्गत कहा कि लम्बित प्रकरणो को तत्काल निस्तारण करते हुये जांचोपरान्त उन्हे मुआवजा उपलब्ध कराया जाय। बजट समाप्त होने की स्थिति में तत्काल बजट की मांग राजस्व परिषद से किया जाय ताकि पीड़ित व्यक्तियो को समय से लाभ दिलाया जा सकें। इसी प्रकार दैवी आपदा में भी पीड़ित व्यक्तियो को तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाय। उन्होने शीतलहर ठंड से बचाव के दृष्टिगत कम्बल की खरीद व वितरण की पत्रावली का भी निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार में पहुंचकर वहां से नकल प्राप्त करने के लिये प्रार्थना पत्रो व नकल देने की प्रक्रिया की जानकारी भी सम्बन्धित सहायक पटल से प्राप्त की। उन्होने कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रो को एक रजिस्टर पर दर्ज किया जाय तथा उस पर कब नकल दिया गया उसकी तिथि भी अंकित करते हुये एक सप्ताह के अन्दर तैयार कर लिया जाय। निरीक्षण के पश्चात मौके पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुये उन्होने बताया कि शासन/परिषद/बोर्ड द्वारा जो जनपदो को निर्देश दिये जाते है उसके अनुपालन को देखा गया तथा पत्रावलियों/अभिलेखो के रखरखाव का भी निरीक्षण किया गया। उन्होने कहा कि निरीक्षण के दौरान पत्रावलियो/अभिलेखो के रखरखाव एवं विभिन्न निर्देशो के अनुपालन की स्थिति संतोषजनक पाया गया भूमि आवंटन में अच्छा कार्य किया गया हैं। उन्होने कहा कि जहां सुधार लाने की आवश्यकता है उसे रिकार्ड रूम के सहायक कर्मियो को अवगत कराया गया। अध्यक्ष राजस्व परिषद ने तहसील सदर पहुंचकर पटलवार निरीक्षण किया गया तथा तहसीलदार न्यायालय में बैंठकर वादो के निस्तारण की पत्रावलियो को निकलवाकर परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अभिलेखो के रखरखाव को भी देखा गया।तत्पश्चात अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमंत राव ने आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मीरजापुर व जनपद भदोही के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व वादो के निस्तारण राजस्व वसूली, आई0जी0आर0एस0 सहित सभी राजस्व बिन्दुओं पर समीक्षा की। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने मीरजापुर के मण्डल के तीनो जनपदो के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में खतौनी, ई खसरा, वर्तमान में रबी पड़ताल, कृषक दुघर्टना बीमा, स्वामित्व योजना

# युवाओं को निवेश और रोजगार की जानकारी देगी योगी की 42 सदस्यीय टीम ये है पूरा प्लान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**लखनउ**।मुख्यमंत्री योगी ने सेवानिवृत्त अफसरों व शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह टीम विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जाएगी और युवाओं को प्रदेश में निवेश और रोजगार से संबंधित जानकारी देगी।10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय करायेगा। इसके लिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के 04 और भारतीय वन सेवा के 07 अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) तथा 19 शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय टीम गठित की है।आगामी 17-18 फरवरी को यह टीम अलग-अलग विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी, रोजगार और सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी, साथ ही, युवाओं के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के संबंध में जागरूक करेगी। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर अयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय विशेष टीम के साथ संवाद किया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत वर्ष 10-12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप



सभी सुपरिचित हैं। लगभग ?40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी और सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। आप सभी प्रदेश की इस सफलता के साक्षी रहे हैं, सहयात्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं का प्रदेश है। देश और प्रदेश के समग्र विकास में हमें इन संभावनाओं को जमीन पर उतारना होगा। आप सभी के पास सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वहन किया है। आपके इन अनुभवों से हमारे युवा लाभान्वित हों, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में हमारा युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे और इसका सीधा लाभ हमारे युवा को होगा।

# प्रिंयका गांधी की तबीयत खराब अस्पताल में भर्ती यात्रा में नहीं होंगी शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर**।शहर की प्लानिंग करने वाले एक्सपर्ट और अफसरों की भी सलाह है कि अगर कक्षा पांच से ऊपर के बच्चों के लिए शहरी सीमा से बाहर स्कूल खुल जाएं तो बहुत हद तक जाम से राहत मिल जाएगी। बस जरूरत है सोच बदलने की, अगर ऐसा हो जाए तो जिस शहर में चलना मुश्किल होता है, वहां गाडि़यां सरपट दौड़ेंगी।चहुंओर विकास कार्यों के जाल से गोरक्षनगरी तेजी से बदली है, लेकिन जाम की समस्या अब भी बरकरार है। जाम की मुख्य वजह टाउनशिप में भूखंड भी उपलब्ध है। अगर ऐसा हो जाएगा तो बदल रहे गोरखपुर को एक नया आयाम मिल जाएगा।शहर की प्लानिंग करने वाले एक्सपर्ट और अफसरों की भी सलाह है कि अगर कक्षा पांच से ऊपर के बच्चों के लिए शहरी सीमा से बाहर स्कूल खुल जाएं तो बहुत हद तक जाम से राहत मिल जाएगी। बस जरूरत है सोच बदलने की, अगर ऐसा हो जाए तो जिस शहर में चलना मुश्किल होता है, वहां गाडि़यां सरपट दौड़ेंगी।गोलघर के आसपास सिविल लाइंस, बेतियाहाता, बक्शीपुर, दुर्गाबाड़ी



सड़क पर अतिक्रमण तो है ही, शहर के व्यस्त इलाकों में स्थित अस्पताल और स्कूल कम जिम्मेदार नहीं हैं। दूर तक के गांवों से बच्चों को भरकर लाने वाली करीब तीन-चार सौ बसें जब एक साथ गोलघर जैसे बाजार में घुसती हैं तो हर तरफ जाम ही जाम दिखाई देता है।सुबह और फिर दुपहर में लोगों के घंटों जाम में निकल जाते हैं। इन हालात में अगर अस्पतालों के साथ ही पांचवीं से ऊपर के स्कूलों को भी शहर के बाहर जीडीए की नई टाउनशिप में स्थानांतरित कर दिया जाए तो जाम की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। इसके लिए बस सोच बदलने और सामूहिक की जरुरत है।जानकार और शहर के प्रमुख अफसर भी मानते हैं कि ऐसा करने में कोई खास समस्या भी नहीं है। जीडीए की नई आदि में कई बड़े शिक्षण संस्थान संचालित होते हैं। सुबह तो जैसे तैसे काम निकल जाता है, मगर इन सभी स्कूलों में छुट्टी के समय दोपहर में दो से तीन बजे के बीच बड़ी समस्या रोजाना ही खड़ी होती है।बृहस्पतिवार को स्कूली बसों के जाम से पूरे गोलघर और खासकर बच्चों को जूझना पड़ा। करीब दोपहर दो बजे सूरजकुंड से गोलघर जाने के लिए निकले शिवरतन गुप्ता जाम में फंस गए। उसी समय आसपास के स्कूलों से बच्चों को लेकर निकली स्कूली बस व ऑटो भी आ गए। किसी तरह आगे बढ़े तो गंगेज तिराहे पर जाम का सामना करना पड़ा। चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी प्रकार मशक्कत कर वाहनों को आगे बढ़ाया।

# बदल रहा है गोरखपुर, आप भी बदलिए स्कूली बसें रोजाना लगाती हैं जाम, स्कूल बाहर हों तो मिले आराम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर**।यह सही है कि शहर में वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम की समस्या सामने आ जाती है। बच्चों की छुट्टियों के समय परेशानी न होने पाए, इसके लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस वालों की ड्यूटी भी लगाई जाती है। अगर, शहर की प्लानिंग करने वाले एक्सपर्ट और अफसरों की अस्पताल और स्कूल कम जिम्मेदार नहीं हैं। दूर तक के गांवों से बच्चों को भरकर लाने वाली करीब तीन-चार सौ बसें जब एक साथ गोलघर जैसे बाजार में घुसती हैं तो हर तरफ जाम ही जाम दिखाई देता है।सुबह और फिर दुपहर में लोगों के घंटों जाम में निकल जाते हैं। इन हालात में अगर अस्पतालों के साथ ही पांचवीं



भी सलाह है कि अगर कक्षा पांच से ऊपर के बच्चों के लिए शहरी सीमा से बाहर स्कूल खुल जाएं तो बहुत हद तक जाम से राहत मिल जाएगी। बस जरूरत है सोच बदलने की, अगर ऐसा हो जाए तो जिस शहर में चलना मुश्किल होता है, वहां गाडि़यां सरपट दौड़ेंगी।चहुंओर विकास कार्यों के जाल से गोरक्षनगरी तेजी से बदली है, लेकिन जाम की समस्या अब भी बरकरार है। जाम की मुख्य वजह सड़क पर अतिक्रमण तो है ही, शहर के व्यस्त इलाकों में स्थित से ऊपर के स्कूलों को भी शहर के बाहर जीडीए की नई टाउनशिप में स्थानांतरित कर दिया जाए तो जाम की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। इसके लिए बस सोच बदलने और सामूहिक की जरुरत है।जानकार और शहर के प्रमुख अफसर भी मानते हैं कि ऐसा करने में कोई खास समस्या भी नहीं है। जीडीए की नई टाउनशिप में भूखंड भी उपलब्ध है। अगर ऐसा हो जाएगा तो बदल रहे गोरखपुर को एक नया आयाम मिल जाएगा।

# 16 फरवरी को गांव बंद का आह्वानइ पांच जगह होगा धरना प्रर्दशन

दिल्ली में किसानों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए अलीगढ़ में भी सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक कामकाज बंद रहेगा। किसानों का प्रदर्शन धनीपुर मंडी गेट, राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क तस्वीर महल, गांव अटलपुर लोधा, मंडी परिसर खैर व छर्रा में होगा।संयुक्त कृषि गतिविधियां, मनरेगा कार्य बंद करने के साथ सब्जियों व फसलों की खरीद फरोख्त बाधित रहेगी। गांव की दुकानें, अनाज मंडियां, सब्जी मंडियां, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय, ग्रामीण औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के संस्थानों और निजी उद्यमों को



किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 फरवरी को अलीगढ़ जनपद के पांच अलग-अलग स्थानों पर सभी कृषि गतिविधियों को बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि दिल्ली में आंदोलनरत किसानों के समर्थन में सुबह 6 से शाम 4 बजे तक ग्रामीण इलाकों में कामकाज बंद करने की घोषणा की गई है। किसानों का प्रदर्शन धनीपुर मंडी गेट, राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क तस्वीर महल, गांव अटलपुर लोधा, मंडी परिसर खैर व छर्रा में होगा।बंद के दौरान सभी बंद रखने का अनुरोध किया जाएगा।जगदीश यादव ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जनपद में धनीपुर मंडी गेट, राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क तस्वीर महल, गांव अटलपुर लोधा, मंडी परिसर खैर व छर्रा में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे। साथ ही धरना प्रदर्शन के दौरान शहरों की दुकानें बंद रखी जाएंगी। इसके लिए सभी से समर्थन मांगा गया है। उम्मीद है कि लोग किसानों को अपना समर्थन देंगे।

# यूपी में छह माह हड़ताल पर पाबंदी, सभी विभागों निगमों और प्राधिकरणों में तत्काल प्रभाव से लागू

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
।देश में हो रहे किसान आंदोलन के बीच यूपी सरकार ने छह महीने मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।अधिसूचना के



के लिए हड़ताल करने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।देश में चल रहे किसान आंदोलन के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने छह माह के लिए हड़ताल पर पाबंदी लगा दी है। अपर अनुसार, लोक हित में ऐसा करना आवश्यक है। सरकारी विभागों, राज्य सरकार के अधीन सभी निगमों और प्राधिकरणों पर भी यह नियम लागू होगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मामा-भांजी की दर्दनाक मौत, एक महिला घायल प्रयागराज रेफर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मामा-भांजी की मौत हो गई, जबकि एक महिला जानकारी के अनुसार, बाइक चालक रैपुरा निवासी अपनी बहन ममता और उसकी पुत्री रिया को लेकर गांव जा रहा था।वो जैसे ही रामटेकवा के पास पहुंचा, तो पीछे



गंभीर रूप से घायल हो गई।चित्रकूट जिले में रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा-भांजी की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। से ट्रक ने बाइक पर मारी टक्कर। इसमें छोटू और रिया की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर ममता गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया है। वहीं, पुलिस ट्रक और चालक की तलाश में जुट है।

# मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बोले- 2025 कुंभ के पहले गंगा से होगा आचमन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कानपुर**।शुक्रवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कानपुर पहुंचे। इस दौरान मंत्री शेखावत ने कहा कि 2025 प्रयागराज कुंभ के पहले गंगा को आचमन के लायक पूर्ण तरीके से शुद्ध कर लिया जाएगा।कानपुर में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को जाजमऊ के वाजिदपुर पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा अर्चना की। इसके बाद नवनिर्मित 20 एमएलडी के सीईटीपी ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों से इसका प्रोसेस भी समझा देखा।इस दौरान टेनरी वेस्ट से पूरी प्रक्रिया से बाद निकले पानी की गुणवत्ता देखी और प्लांटेशन भी किया। उन्होंने कहा कि एक साल बाद वह फिर आएंगे। तब तक पूरे परिसर में हर जगह प्लांटेशन होना चाहिए। निरीक्षण के बाद वह मीडिया से रूबरू भी हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई।साथ ही, नमामि गंगे परियोजना से निर्मित हुए ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकियां से रूबरू हुए और अधिकारियों से बात की। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 2025 प्रयागराज कुंभ के पहले गंगा को आचमन के लायक पूर्ण तरीके से शुद्ध कर लिया



जाएगा। इसे लेकर केंद्र सरकार से राज्य सरकार तक नमामि गंगे परियोजना के तहत अलग-अलग ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से गंगा को शुद्ध करने में लगा है।कभी-कभी लेदर इंडस्ट्री को सनन या अन्य वजह से बंद करना पड़ता है। इसको देखते हुए लेदर इंडस्ट्री को आने वाले 2025 तक पूर्ण रूप से गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा। इसके लिए सरकार 100 करोड़ की परियोजना लकार इन नालों को भी बंद करने का काम करेगी। वहीं, मीडिया के प्लांट के पास गिर रहे एयरफोर्स चोर नाले सरीखे सवालों पर चुप्पी साध ली।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गंगा के पानी का गुणवत्ता का स्तर इससे समझाया जा सकता है कि जहां पूर्व में जल आचमन के लायक नहीं होता था। वहीं अब इसमें गुणवत्ता सुधार के बाद मछलियां सरीखे जलीय जीव बढ़ने लगे हैं। अब इसमें डॉल्फिन भी खेलती दिखतीं हैं। बोले कि पूर्व सरकारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

# बुजुर्ग की मौत साले ने बीच रास्ते में रुकवाई अर्थी बोला- रिश्तेदर ने संपत्ति हड़पने के लिए की हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कानपुर**।हनुमंत विहार इलाके में बुजुर्ग की मौत के बाद अंतिम यात्रा में पहुंचे साले ने हत्या का आरोप लगा अर्थी रुकवा दी। उसने रिश्तेदार पर संपत्ति हड़पने के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।कानपुर के हनुमंत विहार इलाके में बुजुर्ग की अंतिम यात्रा को उनके साले ने रुकवा लिया। हत्या का आरोप लगा पुलिस बुला ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मूलरूप से बांदा जिले के चिल्ला थानाक्षेत्र के धोतरा गांव निवासी राजबहादुर विश्वकर्मा (70) काफी समय से लवकुश विहार में रहते थे।उनके साले भगवानदीन विश्वकर्मा ने बताया कि वह गड़रियनपुरवा में ट्रक बॉडी का काम करते थे। चार माह पहले पतनी



राजरानी का बीमारी के कारण निधन हो गया था। इसके बाद वह अकेले ही रहते थे। वह अक्सर जीजा के पास रुक जाते थे। भगवानदीन ने आरोप लगाया कि बर्रा में रहने वाले सेना से सेवानिवृत्त रिश्तेदार की संपत्ति पर नजर थी।12 फरवरी को रात उनकी फोन पर राजबहादुर से बात हुई थी। उस समय तक वह बिल्कुल ठीक थे। 13 फरवरी को बर्रा निवासी रिश्तेदार उनके घर रुक गए थे। आरोप लगाया कि रात में उन्होंने संपत्ति के लालच में जीजा की मुंह दबाकर हत्या कर दी। 14 फरवरी को सुबह 8:25 पर रिश्तेदार ने जीजा की मौत की जानकारी दी।आरोप लगाया कि मामला संदिग्ध समझकर वह फौरन धोतरा गांव से शहर पहुंचे, तो पता चला कि अर्थी को लोग अंतिम संस्कार के लिए ले गए हैं। उन्होंने कुआं के पास अर्थी को रुकवा लिया। वीडियो बनाने के बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को वहीं से पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि राजबहादुर बीमार चल रहे थे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले गाजीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाइ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गाजीपुर**।गाजीपुर पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस आरक्षी परीक्षा 2023 में पेपर आउट कराकर नकल कराने वाले सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से छह लाख रूपये नकदी, 21 लाख रुपये का चेक व भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज तथा मोबाईल व इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा 2023 में पेपर आउट कराकर नकल कराने वाले सक्रिय गिरोह का स्वाट/सर्विलांस टीम तथा थाना नोनहरा/नन्दगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर नोनहरा थाना क्षेत्र के मिरदादपुर से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से छह लाख रुपये नकदी, 21 लाख रुपये का चेक, भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज तथा मोबाईल/इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जिसमें अे वाराणसी के रहने वाले किशन मिश्रा व सुनील मिश्रा भी शामिल हैं। इनके गिरोह द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों व अन्य स्त्रोतों के माध्यम से सेटिंग कर परीक्षा से पहले ही प्रशन्पत्रों के अलग-अलग सेट को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त करके उनके उत्तर सेटवार तैयार कर पूर्व से सेट किए गए परीक्षाथिर्यो को परीक्षा शुरू होने के लगभग दो घंटे पहले ही भेज दिया जाता है।परीक्षाथिर्यो की सेटिंग पहले ही अपने-अपने स्त्रोतों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सफल होने का पूर्ण विश्वास दिलाकर कर लेते हैं।

# हत्या का प्रयास दोषियों को 10- 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** साढ़े 12 वर्ष पूर्व हुए गड़ासा और तीर धनुष से जानलेवा हमला के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों बुधिराम उर्फ बुधवंत उर्फ छोट्टन तथा मलुआ अगरिया को 10- 10 वर्ष की कैद व 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3- 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक राजेंद्र पुत्र द्वारिका निवासी खरहरा, अमिला टोला,थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने 10 मार्च 2011 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके पिता द्वारिका अपने चचेरे भाई के दरवाजे पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी शाम सात बजे बुधिराम उर्फ बुधवंत उर्फ छोट्टन पुत्र राजबली खरवार और मलुआ अगरिया पुत्र परकाश उर्फ राम प्रकाश निवासीगण करैलीडाड़ टोला खरहरा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र आ गए और आते ही एकाएक गड़ासा और तीर



धनुष से उसके पिता द्वारिका को मारने लगे। बुधिराम गड़ासा से जान मारने की बात कहकर कई वार किया। शोरगुल की आवाज सुनकर जब टार्च जलाकर घटना स्थल पर पहुंचे तो दोनों लोग अपने घर की ओर भागते हुए दिखाई दिए। घायलावस्था में पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों बुधिराम उर्फ बुधवंत उर्फ छोट्टन और मलुआ अगरिया को 10- 10 वर्ष की कैद व 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3- 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# बस में 65 यात्री थे सवार, बाकी लोगों को आई हल्की-फुल्की चोटें

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मारकुंडी घाटी के दूसरे मोड़ पर बुधवार की रात करीब 2:15 बजे रामेश्वरम तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही डबल डेकर बस पलट गई। जिससे उसमें सवार 25 लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया गया। बस्ती जिले से एक डबल डेकर बस पर सवार होकर तीर्थ यात्री रामेश्वरम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। मारकुंडी घाटी की दूसरे मोड़ पर पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई। दुर्घटना होते ही सड़क से गुजर रहे कुछ लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रॉबर्ट्सगंज कोतवाली व गुरमा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से 40 वर्षीय चतुर्भुज, 55 वर्षीय निर्मला, 60 रामचंद्र, 65 वर्षीय रविंद्र नाथ, कमलावती, 19 वर्षीय विवेक, 65 वर्षीय कपिल मुनि,ब60 वर्षीय जनक,



वर्षीय श्रीकांति, 32 वर्षीय भीम उपाध्याय, 62 वर्षीय पुजारी शर्मा, 61 वर्षीय सुभाष राय 60, वर्षीय सावित्री बोईन, 65 वर्षीय रामसकल, 65 वर्षीय शंभू, 56 वर्षीय दयाराम 65 वर्षीय कृष्णा, 65 वर्षीय सूर्यनारायण, 50 वर्षीय प्रमिला, शीला, 63 वर्षीय विजय, 65 वर्षीय 55 वर्षीय गिरिजेश, 62 वर्षीय मांडवी, 55 वर्षीय नेबुलाल व 48 वर्षीय सरोज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चतुर्भुज की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। जबकि बाकी तीर्थ यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# लोकसभा कार्यशाला बैठक हुई सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा कार्यशाला बैठक सम्पनन् हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ाजिलाध्याक्षा नन्दलाल व संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार मौर्या ने किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनियां की सबसे बड़ी पार्टी बनकर काम कर रही है और हमारे नेता आदरणीय मोदी जी दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में जाने जाते है, भारतीय जनता पार्टी में लोगो का विश्वास बढ़ा है क्योंकि हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के ऊपर कोई किसी प्रकार का भ्रष्टाचार का कोई आरोप नही है,हमने कहा था राम लला हम आयेंगे मंदिर वही बनाएंगे आज वह संकल्प पूरा हुआ है,आज भव्य मंदिर में राम लला विराज मान हो चुके है,वहां की सुंदरता आज देखने लायक है,आज हमारे नेतृत्व को दुनिया सलाम कर रही है,कार्यकर्ता मित्रों मुझे विश्वास है की जो भी कार्य संगठन द्वारा दिया जा रहा है उसे हम सभी ईमानदारी से पूर्ण करेंगे।आज हमारी बूथ कमेटी 11 की है जो हर बूथ को जीतने का माद्दा रखती है,आज मोदी जी ने नारी शक्ति को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया है तो संगठन में भी इनकी महत्व पूर्ण भागीदारी होनी चाहिए,आने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान में सभी वरिष्ठ व जनप्रतिनिधियों को भी लगाना है,मोदी जी ने कहा है कि जब तक सभी लाभार्थी पूर्ण रूप से सक्षम नहीं हो जाते है तब तक सभी लाभार्थी को लाभ देता रहूंगा,हमारे देव तुल्य कार्यकर्ता जीवन पर्यत तक देश व समाज की सेवा करते रहता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी जी ने कहा कि 20 व 21 फरवरी को लाभार्थी मंडल कार्यशाला जिले में होनी है यह अभियान पूर्ण रूप से सूची बनाकर संपर्क करना है अगर विस्तृत योजना बनाकर इस अभियान को करेंगे तो निश्चित रूप से शत प्रतिशत पूर्ण हो जायेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नंदलाल ने कहा की,आने वाले चुनाव को दृतिगत रखते हुए हमसभी को बूथों का एक्सरे करना है




# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सोनभद्र वेंटिलेटर डीएम को सौपा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा सोनभद्र ने सेवा की एक कड़ी में एक कदम आगे आकर नये कार्य को अंजाम दिया है,प्रथम बार लखनऊ से रेडक्रास शाखा सोनभद्र को एक वेंटिलेटर प्राप्त हुआ। जनपद दौरे में आई डॉक्टर हेमा बिन्दू नायक महासचिव ने मझुई,घघरी में राहत सामग्री का वितरण किया। रेडक्रास शाखा सोनभद्र द्वारा वेंटिलेटर जिलाधिकारी/अध्यक्ष चन्द्र विजय सिंह,वाइस चेयरमैन विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किशोरी सिंह के उपस्थिति



में जिला चिकित्सालय सोनभद्र के सीएमएस डॉक्टर देवेश कुमार सिंह को डोनेट किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश कुमार सिंह, सीएमओ डाक्टर अश्वनी कुमार उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय सोनभद्र को यह वेंटीलेटर गरीबों के इलाज के लिए रेडक्रास सोसाइटी के सौजन्य से दिया गया। कुपोषण रोगी, टी बी मरीज को प्रत्येक माह पौष्टिक आहार दिया जा रहा है,कम्बल, तिरपाल,छाता,हाइजीन कीट आदि वितरण किया जा रहा है।

# थाना देहात छेत्र अवैध शराब बेचने वाले को थाना प्रभारी संजय दुबे ने गिरफ्तार कर पहुंचाया जेल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मैहर।**घटना विवरण- दिनांक 15/02/24 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बरहिया क्रेशर तरफ जाने वाली कच्ची रोड मे पेट्रोल पंप के आगे एक व्यक्ति अबैध शराब बिक्री कर रहा है जो मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराही स्टाप व गवाहो के जाकर घेरा बंदी देशी प्लेन शराब कुल 342 पाव जो 61.560 लीटर किमती 16000रू एवं शराब बिक्री के 560 रू मिला जिसे मौके पर धारा 91ए जा.फौ की नोटिस दी जाकर उक्त शराब रखने के संबंध मे बैध दस्तावेज चाहा गया जो कोई बैध दस्तावेज होना नही बताया जिसे मौके पर समक्ष गवाहान उपरोक्त के समय



कर रेड कार्यवाही की गई तो आरोपी दीनानाथ पटेल पिता स्व. राजा पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नरौरा थाना मैहर जिला मैहर (म.प्र.) का हाथ मे लिए पीले रंग की बोरी को चेक किया गया तो बोरी मे 42 पाव अवैध गोवा व्हीस्की शराब लिए मिला एवं शराब बेचकर मिले हुए पैसे 560 रूपये दिया उक्त व्यक्ति से अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई तो बताया कि मै यही रोड के किनारे झाड़ियो मे शराब छुपाकर ब्रिक्री करने के लिए रखा हूँ वही से निकालकर बिक्री करता हूँ रोड के किनारे झाड़ियो मे व्यक्ति के बताए स्थान पर देखा गया तो जहा वह व्यक्ति खड़ा था उसी के पीछे झाड़ियो मे 06 कार्टून मे अबैध देशी प्लेन शराब जिसमे प्रत्येक कार्टून मे लिखा हुए था जो प्रत्येक पेटी मे 50-50 पाव 180 एम एल के कुल 300 पाव देशी प्लेन शराब जो 54 लीटर तथा अग्रेजी गोवा शराब एवं 10.35 बजे रात मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया जाकर जप्ती शराब से गवाहो के समक्ष कार्टून एवं बोरी मे से 180 एम एल के दो दो पाव कुल 14 पाव सेम्पल निकाला जाकर सेम्पल व जप्ती शराब कार्टून सहित शील बन्द कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपी उपरोक्त का कृत्य धारा 34(2) आब.एक्ट का दण्डनिय पाये जाने से चेक लिस्ट तैयार किया जाकर मौके पर आरोपी दीनानाथ पटेल पिता स्व. राजा पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नरौरा थाना मैहर जिला मैहर (म.प्र.) को समक्ष गवाहो के मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के समय 10.50 बजे गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के बताए अनुसार परिजन को दी जाकर अपराध सदर पंजीबद्ध किया गया ।गिरफ्तार आरोपीगण - दीनानाथ पटेल ।

# धूमधाम से बना वार्षिक उत्सव बच्चों ने किया नित्य

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** गुरुवार को संत भगवान नाना नंद पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया का सेवन करते हैं तो निश्चित रूप से आगे उनके लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध मिलती हैं वहीं बच्चों के द्वारा बम बम भोले महाभारत एक्ट



गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पकौड़ी लाल उपस्थित रहे वही जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान रावटसगंज कैमूर वन बिहार आरएफओ श्रद्धा त्रिपाठी व अन्य सभी सम्मानित अभिभावक गण के नैतिक तुम्हें पौधरोपण करते हुए विद्यालय के वार्षिक उत्सव में दिया गया छात्र-छात्राओं को संदेश वहीं मुख्य अतिथि पकौड़ी लाल कोल ने बताया कि बच्चों के पठन-पाठन शिक्षा जगत के लिए डिसिप्लिन बहुत ही जरूरी है जिसमें रहते हुए बच्चे पठन-पाठन व अपने भारतीय संस्कृति जैसे विभिनन् प्रकार के कार्यक्रमों मैं विद्याथिर्यों ने बढ़-चढ़कर भाग भाग लिया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतीश श्रीवास्तव वासुदेव सेवा ट्रस्ट की चेयरपर्सन पूनम श्रीवास्तव तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य नीतीश कुमार श्रीवास्तव व समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे बच्चों द्वारा जोरदार कार्यक्रम किया गया जिस पर बैठे अभिभावक मंत्र मुक्त हो गए नन्हे मुनन् बच्चे अपने अभिभावकों को देखकर अत्यंत उत्साहित होकर नृत्य का कार्यक्रम किया तथा विभिनन्प्रकार के भाषण विद्या दिया कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि गणों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं

# शक्तिनगर थाने मे जबरदस्ती सुलह नाम लिखवाने का मामला आया सामने

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पेंटर रमेश द्वारा बताया गया कि मैं होर्डिंग बनाने व पेंटिंग का कार्य करवता हूं जिसमें की रखा था लालमोहन सिंह को सुपरवाइजर के तौर पर कार्य पर रखा था उसको 51600 रूपये दे चुका हूं एडवांस के तौर पर और उनका जो वेतन बनता है केवल 32000 रुपए मात्रा बनता है लालमोहन के पास हमारा कार्य करने वाला सारा सामान भी है जो देने से मना कर रहे थे तो हम दिनांक 11/02/2024 को शक्तिनगर थाने में प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें की शक्ति नगर थाने की पुलिस हमसे जोर जबरदस्ती डरा धमका कर सुलहनामा लिखवा लिया और मेरी एक भी बात नहीं सुने तभी मैं वहां से घर चला गया सिपाही के द्वारा बार-बार फोन के माध्यम से मुझे यह बोला कि तुमको हम बुला रहे थे तुम बगैर मिले चले गए मैं जब तक शक्तिनगर थाने में रहूंगा जब भी कोई मामला आएगा तुमारा तो अच्छे से धुनाई व छिलाई करूंगा तुम कहीं भी मिलोगे जरूर फिर मैं तुमको अच्छे से सबक सिखाऊंगा।इतनी दबंगई से बात चीत करके धमकी दिया गया जिससे कि पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर व मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराया हु।





# सम्पादकीय

## विश्व की आस्था का केंद्र हैं राम, आखिर क्यों अलग हैं 'तुलसी के राम'

तुलसीदास लिखते हैं कि 'समुझत सरिस नाम अरु नामी। प्रीति परसपर प्रभु अनुगामी।' राम के नाम और राम के रूप में छोटे-बड़े का कोई प्रशन नहीं है। गांधी जी राम के दोनों रूपों को स्वीकारते हैं।तुलसीदास भक्त कवि थे और रामकथा को देखने और उसे बुनने की उनकी दृष्टि भी एक भक्त की थी। तुलसी के राम पर जब भी बात की जाती है तो हमें उनका प्रवेश भी स्मरण रखना चाहिए। क्योंकि कोई भी कृति अपने समय काल परिवेश से विलग नहीं होती है उसका आरम्भ ही अपने प्रवेश के सामाजिक, राजनैतिक घटनाक्रम के कारण होता है। ऐसे में तुलसी के राम को कैसे उनके मध्यकालीन सामाजिक बोध और लोकाचार से अलग किया जा सकता है?हमारे लोक में कथाओं का अथाह संसार विराजमान है। मगर उसमें से कुछ ही कथाएं वैश्विक स्वरूप धारण कर पाती है। उन्हीं में से एक तुलसीदास के राम है। जो भारतीय संस्कृति और लोक में इतनी गहराई से रच बस गए हैं कि उन्हें विलग नहीं किया जा सकता है। तुलसीदास के राम



मात्र एक चरित्र नहीं है, वह सृष्टि के व्यवस्थापक है। सगुण और दोनों ही रूपों में विराजमान है। वह ब्रह्म भी है और मानव भी।वह संपूर्ण कलाओं में दक्ष, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ, समाजसुधारक, नारी सम्मान के रक्षक, पिता के वचनों के रक्षक है, निर्भीक, संरक्षक, खल संहारक है, प्रज्ञा हितैषी है, नीति-निपुण शासक है। तुलसी के राम लोकरंजक और रक्षक है। वह सामान्य लोक-जीवन की प्रेरणा का स्रोत है। 'सम भाव सदा वैभव विपदा तथा नहीं राग न लोभ मान सदा' राम 'योगी, संयमी और निरभिमानी पुरुष है। इस तरह का चरित्र लोक में अन्य कहीं नहीं मिलता है। उसी प्रकार उनके 'राम राज्य' की स्थापना भी उनके जीवन दर्शन को अपनाकर ही संभव है।राम संपूर्ण विश्व की आस्था का केंद्र है। रमन्ते योगिनः यस्मिन सः रामः-वस्तुतःजो रमता है वही राम है।ङ्ग वेद व्यास और वाल्मीकि से लेकर आधुनिक युग तक में रामकथा के विविध रूप उसके प्रति आस्था का स्वरूप देखा जा सकता है। मध्यकाल में कबीर और तुलसी के राम तो आधुनिक काल में गाँधी के राम 'रामकथा' के व्यापक परिदृश्य में राम की महत्ता को प्रदर्शित करता है। कबीर लिखते हैं कि 'दशरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम का मरम न जाना।'तुलसीदास लिखते हैं कि

'समुझत सरिस नाम अरु नामी। प्रीति परसपर प्रभु अनुगामी।' राम के नाम और राम के रूप में छोटे-बड़े का कोई प्रशन नहीं है। गांधी जी राम के दोनों रूपों को स्वीकारते हैं। डॉ. कमल किशोर गोयका लिखते हैं कि 14 अप्रैल 1933 को लिखते हैं कि, ङ्गमेरा राम दशरथनंदन है सही, लेकिन वह उनसे भी बहुत अधिक है। वही सच्चिदानंद पूर्ण ब्रह्म हैङ्ग।तुलसीदास के राम लोक में व्याप्त है। उनकी यही लोक ग्राह्यता उन्हें व उनके काव्य को लोक में विशिष्ट बनाती है।विश्व में राम कथा का व्यापक स्वरूप मिलता है। भारत के परिदृश्य में अनेक भाषाओं में यह रामकथा कहीं गई है। लेकिन लोक में तुलसी के राम ही सर्वाधिक स्मरण किये जाते हैं क्योंकि यह 'राम/ उत्तर से दक्षिण तक आमजन का प्रतिनिधित्व करते हैं उनके लिए एक आदर्श मनुष्य की परिकल्पना गढ़ते हैं। ऐसा मनुष्य जो परिवार व समाज व राज्य के प्रति जिम्मेदारियों से भागता नहीं है जिसके लिए पारिवारिक संबंधों की महत्ता है और उनके निर्वहन के लिए वह सत्ता तक का परित्याग कर सकता है। जो कि मध्यकालीन अराजक परिवेश में एक तरह की तुलसीदास की परिकल्पना ही थी। जिसे वह अपने आराध्य राम के चरित्र के माध्यम से स्थापित करना चाहते थे।यही कारण भी है कि लोक में तुलसीदास के राम सदैव याद किए जाते हैं। संबंधों की परिपाटी में उनकी तुलना 'राम' से की जाती है। तुलसी के राम मानव भी है और ब्रहम स्वरूप भी। वह लोक कल्याण के लिए अवतार भी धारण करते हैं और लोक का कल्याण करते हैं। वह वेद शास्त्र, पुराण, धर्म, संस्कृति, जीवन मूल्यों और आदर्शों का समुच्य है। क्योंकि वह ब्रहम स्वरूप है ङ्गमंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारीङ्ग और मानव भी ङ्ग मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारीङ्ग।तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस केवल रामायण की रामकथा का एक परिशिप्त मात्र नहीं है, बल्कि यह लोक की संवेदनाओं से पाठक को जोड़ती है, इसकी अवधी भाषा व सरल दोहा चौपाई में लिखे गए छंद इस महाकाव्य को अन्य रामकथा से संबंधित महाकाव्यों से बेहतर तरीके से लोक से जोड़ता है। क्योंकि उनकी भक्ति का संबंध मानवता व करुणा से है।

# लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक फैसला, बढ़ेगा कार्यकर्ताओं का मान

चुनावी बॉन्ड योजना को निरस्त करने का सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मील का पत्थर बन सके, इसके लिए पार्टियों और नेताओं द्वारा पारदर्शी फंडिंग पर अमल जरूरी है। फंडिंग पर जोर कम होने से धन के बजाय कार्यकर्ताओं का मान बढ़ेगा।सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला दिया है। पिछले छह वर्षों में इस योजना से 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा धन सभी पार्टियों को मिला है। नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने 2017 के वित्त विधेयक के माध्यम से इस योजना को पेश किया था। उसके लिए रिजर्व बैंक, आयकर, कंपनी, जनप्रतिनिधित्व और विदेशी चंदों से जुड़े कई कानूनों में बदलाव भी किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले के बाद इस योजना के साथ सारे कानूनी बदलाव भी निरस्त हो गए हैं।चुनावी बॉन्ड लागू होने से पहले पार्टियों को लगभग 81 फीसदी रकम अज्ञात स्रोतों से मिलती थी। जेटली ने दलील दी थी कि चुनावी बॉन्डों से पार्टियों की फंडिंग और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के साथ काले धन पर अंकुश लगेगा। पुरानी कानूनी व्यवस्था के अनुसार, कंपनियां सालाना मुनाफे की अधिकतम सीमा के अनुसार ही दान दे सकती थीं। लेकिन कानून में बदलाव के बाद घाटे वाली कंपनियां भी बॉन्ड के माध्यम से पार्टियों को चंदा देने की हकदार हो गईं। मतदाताओं और पार्टियों को चुनावी बॉन्ड देने वाले की जानकारी नहीं मिल सकती थी। लेकिन सरकार को स्टेट बैंक के माध्यम से ये सारी जानकारियां हासिल थीं। कहा जा रहा था कि निजी कंपनियां और कॉरपोरेट्स चुनावी बॉन्ड में पैसा लगाकर सरकारों से अपने हित में अनुचित काम कराते हैं।ऐसे अनेक कानूनी और सांविधानिक बिंदुओं पर इस योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। लेकिन लोकतंत्र से जुड़े इस बड़े मामले की सुनवाई और




फैसला आने में सात साल लग गए। सॉलिसिटर जनरल और अटार्नी जनरल ने इस योजना का अनेक तरीके से बचाव करने की कोशिश की। सरकारी दलीलों के अनुसार, वोटरों को ऐसे चंदे के बारे में जानने का कानूनी अधिकार नहीं है। लेकिन चुनाव आयोग ने ऐसे बॉन्ड और विदेशों से मिल रहे चंदे पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिजर्व बैंक ने भी इन बॉन्डों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जाहिर की थी। केंद्र और राज्य सरकारों को चुनावी बॉन्ड में विशेष बढ़त मिलती है, इसलिए इस योजना को जजों ने समानता के विरुद्ध माना है।भारत में लॉबिंग गैर-कानूनी है, लेकिन चुनावी बॉन्डों के माध्यम से निजी कंपनियां सरकारों से अनुचित लाभ ले रही हैं। इस बात को सरकार ने भी अप्रत्यक्ष तौर पर स्वीकार किया। सरकारी वकील के अनुसार, चुनावी चंदे का खुलासा होने से चंदा देने वाली कंपनियों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ सकता है। जो लोग चुनावी बॉन्ड से सिर्फ भाजपा को फायदा होने की बात कर रहे हैं, उन्हें यह समझने की जरूरत है कि सिर्फ एक राज्य में सरकार चलाने वाली टीएमसी को लगभग दस फीसदी फंडिंग मिली है। इसलिए अगले महीने चुनावी बॉन्ड का हिसाब-किताब सार्वजनिक होने पर लोकसभा चुनावों के पहले बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल हो सकती है। इस योजना के रद्द होने के बाद पुराने तरीकों से पार्टियों को फंडिंग जुटानी होगी।

कानून के अनुसार, 20 हजार रुपये से कम की रकम गुमनाम तरीके से ली जा सकती है। पार्टियों को चेक के माध्यम से कंपनियों से चंदा मिल सके, इसके लिए आयकर विभाग ने वर्ष 2013 में ट्रस्ट की व्यवस्था बनाई थी।अनुमानों के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नियमों का उल्लंघन करके प्रत्याशी बड़े पैमाने पर काले धन का चुनावों में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, सभी पार्टियों को कानूनी और गैर-कानूनी तरीके से चंदा मिलता है। पार्टियों के संगठित पैसे से कॉरपोरेट ऑफिस, चार्टर्ड फ्लाइट, रोड शो, रैलियां और नेताओं की खरीद-फरोख्त भी होती है। 30 साल पहले बोहरा कमेटी की रिपोर्ट में नेता, अपराधी और कॉरपोरेट्स की मिलीभगत को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संकट माना गया था। वर्ष 1998 में इंद्रजीत गुप्ता कमेटी की रिपोर्ट में सरकार की तरफ से चुनावी खर्च देने की बात कही गई थी। विधि आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनावी कानून दुरुस्त करने के लिए कई रिपोर्टें दी हैं। ऐसी सभी कमेटियों में हुए विमर्श को धता बताकर नेता चुनावों में काले धन का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं।चुनावों में टिकट पाने के लिए हाय-तौबा मचाने और सरकार बनाने में रिसोर्ट पॉलिटिक्स से साफ है कि राजनीति सबसे बड़ा व्यापार है, जहां सफल होने के लिए आपराधिक तरीके से काले धन का निवेश होता है। सीबीआई और ईडी के छापों से साफ है कि नेताओं के संरक्षण में खनन, शिक्षा, रियल एस्टेट और नौकरी में माफिया सक्रिय और प्रभावी हैं। दिवालिया कानून की आड़ में अनेक कंपनियां सरकारी बैंकों का पैसा हजम कर रही हैं। ऐसी कंपनियों को चुनावी बॉन्ड की आड़ में फंडिंग की इजाजत देना देश के खजाने की लूट ही मानी जाएगी। विपक्ष में रहकर सभी पार्टियां चुनावी व्यवस्था को ठीक करने की बात करती हैं, लेकिन काले धन के बाहुल्य से सरकार बनाने की होड़ में शुचिता के संकल्प तिरोहित हो जाते हैं।नेताओं को चुनाव जीतने के बाद गाड़ी, बंगला और अनेक सुविधाएं मिलती हैं। पार्टियों के चंदे और आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगता और उन्हें बेशकीमती सरकारी जमीन पर ऑफिस बनाने की सहूलियत मिलती है। चुनाव आयोग और आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, कई रजिस्टर्ड पार्टियां मनी लॉन्ड्रिंग के कारोबार में लिप्त हैं। संविधान में जनता के शासन को मान्यता मिली है, लेकिन इस सांविधानिक व्यवस्था को पार्टियों ने अपहृत कर लिया है। चुनावों में काले धन के कैंसर को खत्म करके ही राजनीति में अपराध और सरकारों में भ्रष्टाचार का खात्मा हो सकता है।हम यूरोप और अमेरिका के विकास मॉडल का अनुकरण करते हैं। एक बेहतर समाज बनाने के लिए हमें उनकी समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं को भी अंगीकार करने की जरूरत है। अमेरिका में वर्ष 1910 से और यूरोपीय संघ में वर्ष 2014 से नेताओं की फंडिंग में पूर्ण पारदर्शिता के लिए परंपरा और कानून हैं। यह ऐतिहासिक फैसला लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मील का पत्थर बन सके, इसके लिए पार्टियों और नेताओं द्वारा पारदर्शी फंडिंग पर अमल जरूरी है। फंडिंग पर जोर कम होने से धन के बजाय कार्यकर्ताओं का मान बढ़ेगा। अनेक सुविधाएं और छूट लेने वाली पार्टियों को अब आरटीआई कानून के दायरे में आना चाहिए। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में कई वर्षों से याचिका लंबित है। उस पर भी जल्द सुनवाई और सार्थक फैसला हो, तो न्यायपालिका के रसूख के साथ लोकतंत्र का मान और ज्यादा बढ़ेगा।

# सधी हुई ऊर्जा कूटनीति, एलएनजी आयात समझौता कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने में होगा सहायक

बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। अनुमान है कि देश में प्राथमिक ऊर्जा मांग 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। भारत की मौजूदा आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत से अधिक है।



आर्थिक तरक्की को गति देने और समावेशी विकास के लिए ऊर्जा की नई साझेदारियां विकसित करनी होंगी। इस दिशा में भारत ने कतर के साथ 20 साल के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात का समझौता किया है। 78 अरब डॉलर का यह समझौता ऊर्जा आपूर्ति के लिए निर्णायक हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट लि. हर साल 75 लाख टन गैस खरीदेगी।प्राकृतिक गैस की मदद से देश में बिजली, उर्वरक और सीएनजी की उपलब्धता टिकाऊ होगी। देश में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 35 हजार किलोमीटर लंबी 'वन नेशन-वन गैस ग्रिड' स्थापित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों तक पीएनजी और एलएनजी की उपलब्धता आसान बनाना है। हमारी ऊर्जा जरूरतों में अभी प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी छह प्रतिशत है। इस दशक के अंत तक इसे 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। प्राकृतिक गैस शून्य कार्बन उत्सर्जन से जुड़े लक्ष्यों को पूरा करने में भी सहायक होगी।इस समझौते से वर्तमान भाव पर भारत को 0.8 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट की बचत होगी, जिससे 2048 तक देश को छह अरब डॉलर का लाभ होगा। साथ ही, भारत के एलएनजी आयात में कतर की हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत हो जाएगी। प्राकृतिक गैस आयात को लेकर इससे पहले दोनों देशों के बीच 1999 में समझौता हुआ था, जो 2028 में समाप्त होगा। अमेरिका के बाद कतर एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी अपनी क्षमता को 2027 तक बढ़ाकर 12.6 टन सालाना करेगी।भारत और कतर गैस समझौता देश की सधी हुई ऊर्जा कूटनीति का परिणाम है। अभी हम अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत तेल आयात करते हैं। प्राकृतिक गैस के मामले में यह अनुपात लगभग 56 प्रतिशत है। तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों पर हमारी निर्भरता अधिक रही है। इससे हमें ओपेक की मनमानी का सामना करना पड़ता था। इसलिए पिछले वर्ष भारत ने सबसे अधिक कच्चे तेल की खरीदारी रूस से की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष देश ने रूस से प्रतिदिन 16.6 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीदारी की है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत परिशोधित (रिफाइंड) पेट्रोलियम उत्पादों का न सिर्फ बड़ा केंद्र बना, बल्कि यूरोप को सस्ती दर पर परिशोधित पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात भी किया। इससे ऊर्जा क्षेत्र के बड़े बाजार में भारत की मौजूदगी बढ़ने से ओपेक की मनमानी घटेगी।पिछले दिनों गोवा में आयोजित ऊर्जा सप्ताह के दौरान भारत की ऊर्जा विविधिकरण को दुनिया ने देखा।

इस दौरान भारत-कतर गैस समझौते के साथ ही भारतीय कंपनियों ने कई नवाचार पेश किए। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने मेक इन इंडिया के अंतर्गत स्वदेशी अल्कलाइन (क्षारीय) इलेक्ट्रोलाइजर पेश किया, जो दुनिया में सबसे सस्ता इलेक्ट्रोलाइजर है। भाभा परमाणु शोध संस्थान के सहयोग से इसका प्रोटोटाइप मॉडल तैयार कर लिया गया है। इस प्रौद्योगिकी से औद्योगिक पैमाने पर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन संभव है। भारत ने 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा है।ऊर्जा सप्ताह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ओएनजीसी द्वारा तैयार समुद्री सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन किया। समुद्र में तेल एवं गैस परियोजनाएं सबसे जटिल अवसंरचना होती हैं। तेल और गैस उत्खनन तथा परिशोधन के दौरान जोखिम अधिक होता है। यहां मानव निर्मित हादसों के अलावा मौसमी बदलाव का खतरा बना रहता है। ऐसे में मानव जनित तथा प्राकृतिक हादसों का प्रभाव कम करने के लिए ओएनजीसी ने समुद्री सर्वाइवल सेंटर स्थापित किया है। इससे तेल एवं गैस के उत्खनन में लगे मानव संसाधन को समुद्र में उच्च स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह सर्वाइवल सेंटर हर साल 15 हजार लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है। इससे भारत की दक्षिण एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी भी मजबूत होगी।

# इंसानों और जानवरों के बीच बढ़ते संघर्ष से कैसे मिलेगी निजात

वनों की बहुलता वाला राज्य उत्तराखंड कई मामलों में अनूठा है। बाघ और गुलदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही राज्य में सने लैपर्ड की तादाद में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है। केवल इतना ही होता, तो यह प्रकृति प्रेमियों के लिए खुशखबरी होती, पर वन्य जीवों की आबादी बढ़ने के साथ ही इंसानों से उनके टकराव का हिंसक होते जाना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राज्य बनने के बाद से 2023 तक उत्तराखंड में बाघों व गुलदारों ने 514 से अधिक लोगों की जान ली है।उत्तराखंड में इंसान और वन्य जीवों का टकराव लगातार बढ़ रहा है। तेंदुए और बाघों के आक्रामक तेवर इस टकराव को खूनी बना रहे हैं। अब ये टकराव घर के आंगन में अकेले खेलते अबोध बालक को उठाकर ले जाने तक पहुंच चुके हैं। राजधानी देहरादून से लेकर राज्य के दूर के गांवों तक में बाघों और तेंदुओं (गुलदारों) का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि देहरादून में वन विभाग की टीमों को रात में गश्त लगानी पड़ रही है और श्रीनगर में रात का कर्फ्यू लगा दिया गया



है।वनों की बहुलता वाला राज्य उत्तराखंड कई मामलों में अनूठा है। बाघ और गुलदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही राज्य में सने लैपर्ड की तादाद में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है। केवल इतना ही होता, तो यह प्रकृति प्रेमियों के लिए खुशखबरी होती, पर वन्य जीवों की आबादी बढ़ने के साथ ही इंसानों से उनके टकराव का हिंसक होते जाना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राज्य बनने के बाद से 2023 तक उत्तराखंड में बाघों व गुलदारों ने 514 से अधिक लोगों की जान ली है। इस दौरान 1,850 से अधिक लोग वन्य जीवों के हमलों में घायल हुए हैं। भालुओं, हाथियों, जंगली सुअरों के हमलों में मारे जाने वालों की संख्या भी सैकड़ों में है। देहरादून में गुलदार के बार-बार घुस आने और कई इलाकों में हमलों की घटनाएं होने के कारण लोग दहशत में हैं। राजधानी देहरादून की घनी आबादी वाले इलाके गढ़ी कैंट, रेसकोर्स, धर्मपुर, एफआरआई, घंघोड़ा, कौलागढ़ आदि में गुलदार अक्सर घूमते देखे गए हैं। यही नहीं, गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं।इस चुनौती से निपटने के लिए कोई प्रयास न किया गया हो, ऐसा भी नहीं है। वन्य जीवों के हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाई गई है और वनों तथा वन्य जीव अभयारण्यों के नजदीक रहने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं, पर टकराव कम होते नजर नहीं आते।उत्तराखंड में गुलदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। वर्ष 2015 में गुलदारों की संख्या 2,335 थी, जो 2023 तक 3,115 तक पहुंच चुकी है। इस बीच बाघों की आबादी बढ़कर 560 पहुंच गई है। वन विभाग के अधिकारी राज्य को विश्व में बाघों की आबादी के हिसाब से सबसे अधिक घनत्व वाला राज्य बताते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 16 वर्षों में उत्तराखंड में बाघों की संख्या में 314 प्रतिशत इजाफा हुआ है।मगर बाघ, गुलदार, हाथी, भालू और सांप जिस तरह लोगों की जान ले रहे हैं, वह इंसानों पर तो भारी पड़ ही रहा है, इन वन्य जीवों के लिए भी कम खतरा नहीं है। इंसानों से बढ़ते टकराव उनके लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। जंगलों में वन्य जीवों का घनत्व बढ़ना और जंगलों के आसपास इंसानी आबादी में लगातार वृद्धि इस संघर्ष की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। वन्य जीवों की आबादी बढ़ने पर गर्व करने के बजाय इस खूनी संघर्ष ने सरकार को भी चिंता में डाल दिया है। राज्य सरकार ने अब इसे रोकने के लिए नई रणनीति बनाई है। राज्य वन मंत्री सुबोध उनियाल कहते हैं कि जंगलों की सीमा पर बसे गांवों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जा रही है और बड़ी घास व झाड.ियों को काटने के लिए वन विभाग को मशीनें दी जा रही हैं। आम लोगों में जागरूकता लाए बगैर इस टकराव को नहीं रोका जा सकता। इसलिए जागरूकता लाने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। जंगलों में कैमरा ट्रैप बढ़ा दिए गए हैं, ताकि वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। जहां गतिविधियां अधिक होंगी, उस क्षेत्र के लोगों को सर्तक कर दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिनन्न क्षेत्रों के जंगलों की वन्य जीव क्षमता का अध्ययन किया जा रहा है।

# यह क्रिकेट का नया युग है, सरफराज जैसे युवाओं का युग है

अगर आप इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के हर अपडेट पर निगाह रख रहे हैं तो जान लीजिए कि आप इतिहास की एक बड़ी घटना के साक्षी बनने वाले हैं। यह 40 की आयु के क्रिकेट के चाहने वालों के लिए खास तौर पर रोमांचक है।सरफराज को भी भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट में मौका मिल सकता है। ऐसे में भारतीय टीम इस दौर में इस मैच में सबसे युवा होगी। आप भी इस पल के गवाह बनेंगे तो ताउम्र इसे याद रखेंगे।अगर आप इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के हर अपडेट पर निगाह रख रहे हैं तो जान लीजिए कि आप इतिहास की एक बड़ी घटना के साक्षी बनने वाले हैं। यह 40 की आयु के क्रिकेट के चाहने वालों के लिए खास तौर पर रोमांचक है। इस पीढ़ी ने सचिन, द्रविड़, गांगुली और लक्ष्मण वाला दौर देखा तो बाद में रोहित और विराट के भी बड़े फलक पर चमकने के साक्षी बने। अब बारी बिल्कुल युवा बिग्रेड की है। हो सकता है कि आज से दस साल बाद जब हम क्रिकेट के




आंकड़ों की बात कर रहे हों तो सरफराज खान का नाम उस फेहरिस्त में काफी आगे हो।यशस्वी जायसवाल का यश काफी बढ़ चुका हो और शुभमन सच में ही भारत क्रिकेट के राजकुमार से नए महाराज बन चुके हों। मैंने तो कभी कल्पना नही की थी कि दिग्गजों से लैस रहने वाली टीम एकदम युवा चेहरों से तरोताजा हो जाएगी। उम्मीद तो यह भी है कि विकेटकीपर ध्रुव जुरैल भी पदार्पण कर सकते हैं। ऐसे में संभव है कि एकदम से उम्मीदों का भार उठाने के कारण शुरूआती मैचों में इनमें से कुछ खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन न सकें।शुभमन के बारे में ऐसा ही कहा गया लेकिन उन्होंने हर बार खुद को साबित किया। खैर मैं इस आलेख में पाठकों के जेहन में यह बात डालना चाहता हूं कि उनके लिए ये मैच देखना क्यों जरूरी हैं। क्यों जरूरी है कि सरफराज के बल्ले पर लगी पहली गेंद वह देखें और जुरेल खेले तो उनका पहला कैच या स्टंपिंग के गवाह बनें।दरअसल, जैसा कि शुरू में ही कहा गया कि पूरी भारतीय टीम एक तरह से बदल रही है। इस बदलाव को देखना एक अहम लम्हे को अपनी आंखों से देखना है। इंतजार कीजिए अंतिम 11 की घोषणा का और देखिए बदलते दौर की बदली हुई टीम। वैसे इग्लैंड के बैजबॉल ने भी अभी बहुत निराश नहीं किया है। पिछले मैच में वो हमसे हारे जरूर लेकिन पीछा करते हुए भी चौथी पारी में एक अच्छा खास स्कोर बना लिया था। ऐसे में युवा भारतीय हौसले और परिपक्व इंग्लैंड की टीम का मुकाबला इस बार और भी रोमांचक हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

## मणिपुर हुई गोला-बारूद और हथियारों की लूट

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन सात जवानों पर अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं।गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार इन साथ कर्मियों को बिना अनुमति के अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया गया है। आदेश में



कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति अनदेखी के लिए निलंबित कर दिया गया था।गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, इन साथ कर्मियों को बिना अनुमति के अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया गया है।आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति अनदेखी के लिए निलंबित कर दिया गया था।मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कहा कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।आईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं।

## जिले से भारत जोड़ों न्याय यात्रा के लिए जाते कांग्रेशी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** भारत जोड़ों न्याय यात्रा मे शामिल होने के लिए सोनभद्र के कॉंग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के अगुवाई मे रवाना हो गई, सुबह से ही जिला कॉंग्रेस कार्यालय पर कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा शुरू हो गया। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि राहुल गाँधी जी से जनपद मे आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के मामले को अवगत कराया जाएगा। और जनपद के अन्य मुद्दों को भी राहुल गांधी जी से अवगत कराया जाएगा।शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी और पीसीसी सदस्य फरीद अहमद ने कहा कि राहुल गाँधी के जरिये किसानो पर हो रहे अत्याचार, युवाओं पर बढ़ते अपराधों, महिला पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलन्द कर रहे हैं।कॉंग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव कमलेश ओझा ने कहा कि राहुल गाँधी की यात्रा से जनता उत्साहित है।उक्त मौके पर ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, जगदीश मिश्रा, गोपाल पाठक, शत्रुंजय मिश्रा, संगीता श्रीवास्तव, विनोद तिवारी, लल्लू राम पांडे, राम विलास अमित चौबे, शशांक मिश्रा,पाठक, नागेश पाठक, बृजेश तिवारी, बाबूलाल,मृदुल मिश्रा,कैलाश गोंड, बबीता देवी, आशीष कुशवाहा, शिवनाथ मौर्य, विवेक पटेल, राधेश्याम पटेल, बेबी सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना हुए।

# हर स्वास्थ्य केन्द्र पर की जाती है टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा जनपद के सामुदायिक- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप केन्द्रों, आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर सहित जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बृहस्पतिवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने और टीबी मरीजों को खोजने के लिए चलाए जा रहे इस विशेष कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जनपद में 14 एकीकृत निक्षय दिवसों में टीबी के 151 नए रोगी चिन्हित किये जा चुके हैं। गौरतलब है कि जनपद में हर महीने की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाता है। 15 तारीख को अवकाश होने पर इस अगले कार्य दिवस में मनाया जाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आर.पी. सिंह ने बताया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है कि वर्ष 2025 तक जनपद को टीबी मुक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया- शासन के निर्देश पर हर महीने की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओपीडी में आने वाले दस प्रतिशत मरीजों की लक्षणों के आधार पर टीबी की स्क्रीनिंग की जाती है। अब तक 15 एकीकृत निक्षय दिवसों का आयोजन किया जा चुका है। 14 एकीकृत निक्षय दिवसों में करीब 2583 संभावित मरीज मिल चुके हैं, जिनमें टीबी जैसे लक्षण थे। प्रारंभिक जांच के बाद इनमें से 1990 मरीजों की जांच की गयी, जिसमें 151 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। (बृहस्पतिवार



को आयोजित 15वें एकीकृत निक्षय दिवस की रिपोर्ट आना अभी बाकी है) डा. सिंह ने बताया- बीमारी की पुष्टि होते ही मरीजों का उपचार शुरू कर दिया जाता है। आमतौर पर साधारण टीबी के मरीज छह माह का उपचार लेने के बाद ठीक हो जाते हैं। नियमित दवा न लेने अथवा अन्य कारणों से कुछ मरीजों को लंबे उपचार की जरूरत होती है।जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय ने बताया- जनपद में अब तक 15 एकीकृत निक्षय दिवस मनाए जा चुके हैं। पहला निक्षय दिवस 15 दिसम्बर 2022 को मनाया गया था, जिसमें 18 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। दूसरा 16 जनवरी 2023 को मनाया गया, इसमें 10 रोगी सामने आये। 15 फरवरी को 11 नये मरीज मिले। 15 मार्च को 12 नये मरीज, 15 अप्रैल को आठ नये मरीज, 15 मई को 15 नये मरीज, 15 जून को 19 नये मरीज, 17 जुलाई को 19 नये मरीज, 15 अगस्त को सात नये मरीज, 15 सितम्बर को छह नये मरीज मिले। 16 अक्टूबर को 10 नये मरीज, 15 नवम्बर को तीन नये मरीज, 15 दिसम्बर को चार नये मरीज, 15 जनवरी को नौ नये मरीज मिले। इस तरह अब तक मनाये गये 14 एकीकृत निक्षय दिवसों में 151 नये टीबी के मरीज मिल चुके हैं। बृहस्पतिवार (15 फरवरी) को आयोजित 15वें एकीकृत निक्षय दिवस की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। अम्बुज पांडेय ने बताया- एकीकृत निक्षय दिवस में लक्षणों के आधार पर 2583 संभावित मरीज चिन्हित किये गये।

## 28 राज्यों की महिलाओं की हस्तकला का अनूठा संगम है सरस मेला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा सैक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला शुक्रवार, 16 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 04 मार्च तक तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता



प्रतिदिन नियमित प्रातः 11 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित होगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से 04 मार्च 2024 समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्री कटारिया ने बताया की जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण की पहल को आगे बढ़ाते हुए जनपद के सभी विधालयों एवं अन्य संस्थानों से अपील की है कि केंद्र सर्कार के इस आयोजन में भरी संख्या मैं पहुँच कर देश के सभी राज्यों की संस्कृति एवं हस्तकला से रूबरू हों। सरस मेले के पहले दिन शुक्रवार को नोएडा वासियों ने भारी संख्या मैं पहुँच कर मेले की शोभा बढ़ाई। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं।

## भाजपा द्वारा शक्ति संवाद अभियान के तहत शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा एन.ई.ए. सभागार




सेक्टर, 6 नोएडा में शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में राजस्व राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जि.लाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की। शक्ति सम्मान कार्यक्रम में आज स्वयं सहायता समूह एवं सामाजिक संगठन से जुड़ी कई समाजसेवी महिलायों को सम्मानित किया गया। मंत्री बृजेश सिंह ने इस मौक़े पर कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। आज भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है चाहें उज्जवला योजना हो या महिला सम्मान बचत पत्र योजना या महिला समृद्धि योजना, ग्रामीण आजीविका योजना आदि कई ऐसी स्कीम हैं जिनके द्वारा महिला सशक्तिकरण के आज मोदी सरकार संकल्पित है।

## वाई एस एस फाउंडेशन द्वारा शीत कवच के अंतर्गत बच्चों को स्वेटर्स का वितरण किया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा शीतलहर के कहर से बच्चों को बचाने के लिए सामाजिक संस्था ,वाई एस एस फाउंडेशन द्वारा ठशीत कवचठ अभियान के तहत बच्चों को स्वेटर्स वितरित किए गए। यह अभियान नवरतन फाउंडेशन और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया था।इस अभियान के तहत, गरीब और जरूरतमंद बच्चों को सदियों से बचाने के लिए स्वेटर्स प्रदान किए गए। बच्चों को स्वेटर्स वितरित करते हुए, सामाजिक संस्था के सदस्यों ने उन्हें सदियों के दौरान स्वस्थ एलएनजी लिमिटेड के सहयोग के लिए आभारी हैं, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड की तरफ से कहा कि ठहम सामाजिक रूप से जिम्मेदार कंपनी हैं और हम हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। हमें उम्मीद है कि यह अभियान बच्चों को सदियों से बचाने में मदद करेगा।ठइस अभियान से बच्चों और उनके परिवारों को बहुत खुशी हुई। उन्होंने सामाजिक संस्था, नवरतन फाउंडेशन और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड को उनकी उदारता के लिए



रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। स्वेटर्स को पाकर नन्हें मुनन्‍बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों ने तहे दिल से संस्थान का शुक्रिया अदा किया। संस्था पिछले काफी समय से समय समय पर ग्रामीण छेत्र में कार्य करती रहती है। इस अवसर पर, नवरतन फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने कहा कि ठयह अभियान उन बच्चों की मदद करने के लिए शुरू किया गया है जो सदियों के दौरान गर्म कपड़ों की कमी के कारण ठंड से पीडि़त होते हैं। हम पेट्रोनेट धन्यवाद दियायह अभियान उन बच्चों की मदद करने के लिए शुरू किया गया था जो सदियों के दौरान गर्म कपड़ों की कमी के कारण ठंड से पीडि़त होते हैं। अभियान के तहत, गरीब और जरूरतमंद बच्चों को सदियों से बचाने के लिए स्वेटर्स प्रदान किए गए।सामाजिक संस्था के सदस्यों ने बच्चों को सदियों के दौरान स्वस्थ रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## सैलून व्यवसायियों और कारीगरों को जागरूक करना ही सैलून एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**बरेली।** बरेली 15 फरवरी, सैलून व्यवसाय की सबसे बड़ी संस्था ठसैलून एसोसिएशनठ जो उत्तर प्रदेश के 37 जनपदों में अपने संगठन के माध्यम से इस व्यवसाय से संबंधित अपने हर वर्ग के कारीगरों और व्यवसायियों को संगठित करने और राजनैतिक जागरूकता पैदा करने का काम कर रहा है ताकि समाज सशक्त और समृद्ध हो सके साथ ही लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करा कर लाभान्वित करने का भी काम किया जा रहा है । पिछले दिनों विश्वकर्मा पूजा के दिन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया जो हमारे सविता और सलमानी भाइयों के लिए बहुत ही लाभकारी योजना है, यह उद्गार सैलून एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय प्रताप सविता जो वाराणसी से चलकर बरेली एक वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत करने आए हुए थे ने होटल झंकार, तुला शेरपुर चौराहा के एक हाल में एसोसिएशन की बैठक मे मुख्य अतिथि पद से लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त की श्री सविता ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं महापदम नंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आगे कहा कि अभी तक कोई भी बैंक सैलून के लिए लोन नहीं देता था परंतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 15 दिन की ट्रेनिंग के पश्चात ?15000/- सैलून के औजार खरीदने के लिए अनुदान साथ ही साथ दुकान निर्माण के लिए पहले साल चार प्रतिशत ब्याज दर पर ? 1,00,000/- का लोन भी प्रदान किया जा रहा है और अगले साल वही व्यक्ति पुनः 2 लाख का लोन फिर से ले सकता है । इससे हमारे लोगों की माली हालत तो अच्छी होगी ही, उनकी दुकान भी आधुनिक रूप से सजी संवरी नजर आने लगेगी । इसके साथ आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, बेटी के विवाह के लिए 55000/- अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब परिवार के बच्चों का इंग्लिश मीडियम अच्छे स्कूलों में मुफ्त एडमिशन आदि मुख्य रूप से शामिल है हमारे लोगों को आगे आकर इन सभी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए सैलून एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री श्री तेज बहादुर ने कहा कि आज हमारे लोगों के अंदर जागरूकता का बड़ा अभाव है जिसकी वजह से हमारे लोग पिछड़ते रह जा रहे हैं।

## जन अधिकार पार्टी की सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा का सोनभद्र में आगमन 18 फरवरी को

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के तत्वावधान में एवं पार्टी के मा0 राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बाबू सिंह कुशवाहा जी के अगुवाई में जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी । सबको शिक्षा एक समान, गरीब हो या हो धनवान ।। के साथ ही जाति जनगणना की मांग को लेकर दिनांक 08 जनवरी 2024 को गाजीपुर से प्रारम्भ होने वाली सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा दिनांक 18 फरवरी 2024 को सोनभद्र पहुँचेगी, सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा का सोनभद्र में दिनांक 18 फरवरी 2024 को सुबह 8 बजे केवली माइनर, सुबह 8.30 बजे मुगेहरी माइनर, सुबह 9 बजे खरुआव ब्लॉक, सुबह 9.30 मुडिलाडीह, सुबह 10 बजे शाहगंज बाजार, सुबह 10.30 बजे धर्मशाला चौक, सुबह 10.40 शीतला मंदिर चौक, सुबह 10.50 बजे बढ़ौली चौक, दोपहर 11.20 बजे कचहरी गेट, दोपहर 11.30 जोगियावीर मंदिर, दोपहर 12 बजे नई बाजार, दोपहर 12.15 बजे बेलखुरी मोड़, दोपहर 12.30 बजे कबरी में सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा का स्वागत किया जाएगा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 बाबू सिंह कुशवाहा जी अपने सम्बोधन में सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा के उद्देश्य से लोगो को अवगत कराएंगे।इस आसय की जानकारी प्रेस को जारी बयान में जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष डा0 भागीरथी सिंह मौर्य ने दी है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म करने वाले रामसेवक को 10 वर्ष कि कैद

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** नौ वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी रामसेवक कोल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीडि़ता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीडि़ता के पिता ने चोपन थाने में 8 जनवरी 2016 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 27 जनवरी 2015 को दोपहर बाद तीन बजे उसकी साढ़े 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को




रामसेवक कोल पुत्र रामनरेश कोल निवासी पटवध, थाना चोपन, जिला सोनभद्र बहला फुसलाकर अपहरण कर भगा ले गया। बेटी की हर संभावित जगहों पर काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामसेवक कोल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीडि़ता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## किसान एकता संघ के प्रदेश कार्यालय गिझोड सैक्टर 53 मे आपातकाल बैठक आहूत की गई

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन सिंह प्रधान के आवाहन पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने प्रदेश कार्यवाही कर किसानों पर अत्याचार बर्दाश्त नही किया जायेगा हम देश के किसानों के साथ खड़े है कल हम पूर्ण रुप से बंद का आवाहन करते है इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली



कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया जिससे निणय लिया गया की उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी पदाधिकारी भारत बंद को सफल बनाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे व भारत बंद को सफल बनायेगे पंजाब व हरियाणा के किसानों को सरकार अकेला ना समझे किसान एकता संघ मजबूती से उन के साथ खड़ा है आंसू गैस के गोले रबड़ बुलेट व कटीले तार लगा कर किसानों की मांगों को दबाया नही जा सकता इस तरह दुर्भाग्य पूर्ण सिंह अम्बावता,प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण चौहान,प्रदेश सचिव अशोक शर्मा,नोएडा प्रभारी अर्जुन प्रजापति,वरिष्ठ पदाधिकारी टीकम सिंह चौहान,नोएडा उपाध्यक्ष शिवम शर्मा,रहीसुउदीन नेता जी,कैलाश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन सिंह,किसान नेता रामकुमार सिंघल,विनोद कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिन मे पेमेंट की जगह 180 दिन किया जाय

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।** नोएडा राकेश कुमार चेयरमैनमेंटोर एवं अवधेश अग्रवाल, महासचिव मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन एवं सी.पी. शर्मा अध्यक्ष हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन व माल पहुंचने मे और पेमेंट आने मे 90 लगते हैं। इसके अलाबा जीएसटी रिफंड मे कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए पोर्टल मे ऐसी व्यवस्था हो की ट्रेडर्स जब तक ई-ब बिल जेनरेट नहीं कर पाए जब तक उनके यहां मार्ल नहीं हो जिससे



ने जफ़र इस्लाम राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा के नेतृत्व मे केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से उनके दिल्ली वितमंत्रालय कार्यलय मे भेंट की। राकेश कुमार व सी.पी. शर्मा अध्यक्ष एचएचईए एवं अवधेश अग्रवाल ने वित्तमंत्री को एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिन मे पेमेंट करने की परेशानियों से अवगत कराया व मांग कि इस क़ानून को तुरंत समाप्त किया जाए या इसकी समय सीमा 180 दिन की जाए क्योंकि निर्यात आर्डर को बनाने मे 90 दिन जीएसटी चोरी रोकी जा सके। इसी के साथ साथ अन्य परेशानियो से भी विस्तार से अवगत कराया गया वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना व कहा कि एमएसएमई को सपोर्ट सभी को करना चाहिए व इस समस्या का तत्काल क्या हल होगा इस पर विचार किया जाना चाहिए एवम जीएसटी रिफंड के संबंध मे अवधेश अग्रवाल द्वारा दिए गए सुझाव का उन्होंने स्वागत किया व कहा कि यह बहुत अच्छा है शीघ्र ही इस पर कार्य करेंगे।

## अखिल भारतीय केंद्रीय श्रम संगठन एवं केंद्रीय किसान संयुक्त मोर्चा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** अखिल भारतीय केंद्रीय श्रम संगठन एवं केंद्रीय किसान संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर शुक्रवार को, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक सोनभद्र एवं आदिवासी विकास मंच सोनभद्र के संयोजक हरदेवनारायण निणय , 9।9 ।2015 के अनुसार पेंशन समायोजन बैक बेजेज वेतन दिए जाने तथा इन कर्मचारियों को परी समापक अधिकारी द्वारा लगभग 12-50 करोड़ रूपया इपीएफ कमिशन्र वाराणसी को भेजा गया यह डेविड सरप्लुस अमाउंट है उसका




तिवारी के नेतृत्व में इंटक एवं आदिवासी विकास मंच सोनभद्र तथा, डाला चर्च चुनार छटनी सुदा कर्मचारी एकता मंच द्वारा माँ गो के समर्थन में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से कर्मचारियों की मांग इंटक सोनभद्र का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय को तथा आदिवासी विकास मंच का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री को दिया गया इंटक की ओर से मुख्य रूप से मांगे 8 ,12 ,1999 से बन्द सीमेंट फैक्ट्री डाला चुर्क चुनार के कर्मचारियों को बिना कोई सूचना नोटिस एवं अन्य छटनी संबंधित भुगतान किए बगैर गेट से बाहर कर दिया गया उन कर्मचारियों को माननीय उच्च न्यायालय माननीय सर्वोच्च न्यायालय के भुगतान अभी तक न किया जाना, उत्तर प्रदेश बिजली उद्योग में विगत वर्ष अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल के दौरान कर्मचारियों को निलंबित एवं निष्कासन कर दिया गया है इंटक एवं आदिवासी विकास मंच सोनभद्र द्वारा प्रेषित मांग पत्र पर कार्रवाई की जाए अन्यथा मजदूर किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए फैसला करने को बाध्य होगा प्रदर्शन में मुख्य रूप से डाला सीमेंट फैक्ट्री श्रमिक संघ महामंत्री एवं इंटक के प्रदेश मंत्री उत्तम कुमार, ग्राम पंचायत बेलछ के प्रधान श्याम नारायण गौड़ ,ग्राम पंचायत रुदौली के प्रधान, शिव शंकर पाल, इंटक के जिला महासचिव शमीम अख्तर खान, ईश्वर प्रसाद ।

# पटरी पर लौटा 'फाइटर' का बिजनेस वर्क डेज में भी बनाई पकड़ कमा पाएगी 300 करोड़


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े स्टार्स की फिल्म होते हुए भी फाइटर को संघर्ष करना पड़ा। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का बिजनेस कई बार डामाडोल हुआ। हालांकि, फाइटर ने मामले को संभालने की पूरी कोशिश की। वहीं, अब फिल्म के बिजनेस को गिरने से बचाने की पूरी कोशिश कर रही है।22 ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ने की कोशिश कर रही है। इस बीच फिल्म को राहत की सांस मिली। फाइटर ने हाल ही में 200 करोड़ क्लब में एंट्री की। फिल्म को इस माइल स्टोन तक पहुंचने के लिए अपने बिजनेस को पटरी पर लाना पड़ा।गणतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फाइटर के लिए हॉलीडे होते हुए भी बिजनेस करना आसान नहीं था। ओपनिंग वीकेंड के बाद तो फिल्म के कलेक्शन को कई झटके खाने पड़े।फाइटर हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ने की कोशिश कर रही है। इस बीच फिल्म को राहत की सांस मिली। फाइटर ने हाल ही में 200 करोड़ क्लब में एंट्री की। फिल्म को इस माइल स्टोन तक पहुंचने के लिए अपने बिजनेस को पटरी पर लाना पड़ा।फाइटर अब 300 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है, लेकिन ये मुकाम हासिल करना फिल्म के लिए बेहद मुश्किल है, ने 1.75 करोड़ कमाए। गुरुवार की ओर बढ़े, तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, कमाई लगभग 1 करोड़



क्योंकि बिजनेस घटकर बेहद कम हो गया है। आने वाले समय में फाइटर की थिएटर्स से छुट्टी भी हो सकती है, क्योंकि मुकाबले में दूसरी बड़ी फिल्में आ रही है।फाइटर का कलेक्शन रिलीज के बाद से गिरता हुआ नजर आया। अब तो फिल्म रोजना एक करोड़ के करीब ही बिजनेस कर पा रही है, लेकिन ये भी फाइटर के लिए राहत की सांस है, क्योंकि कमाई अभी भी करोड़ों में हो रही है।फाइटर के लेटेस्ट कलेक्शन की बात करें, तो की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को बिजनेस 1.15 और मंगलवार को 1.10 करोड़ रहा। वहीं, बुधवार को फिल्म रही। इसके साथ ही रिलीज के 22 दिनों में फाइटर ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 201.90 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। फाइटर में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने लीड रोल निभाए हैं। इनके साथ फिल्म की बाकी स्टारकास्ट में अनिल कपूर, अक्षय ओबेरॉय, करण सिंह ग्रोवर, आकर्ष अलग और संजीदा शेख भी अहम किरदारों में शामिल हैं। ऋषभ साहनी ने फाइटर में विलेन का किरदार निभाया है। वहीं, सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म को डायरेक्ट किया है, जबकि वायकॉम 18 ने प्रोड्यूस किया है।


# शुरू हुए रकुल प्रीत सिंह और जैकी के प्री वेडिंग फंक्शन ढोल नाइट के लिए दूल्हे के घर पहुंचीं एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं। अखंड पाठ के बाद अब ढोल नाइट के साथ बाकी फंक्शन्स की भी शुरुआत हो चुकी है। कुछ दिनों पहले एक ही एक वीडियो देखने को मिला था, जिसमें जैकी भगनानी का घर लाइट्स और फूलों से सजा हुआ दिखाई दिया।बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में बने हुए हैं। अब दोनों के प्री वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर रकुल प्रीत सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह ढोल नाइट के लिए जैकी के घर जाते हुए नजर आईअब बीती रात होने वाली दुल्हन रकुल प्रीत सिंह ढोल नाइट के लिए जैकी के घर जाती हुई नजर आई। हालांकि, इस दौरान वह सामने नहीं आईं। पैपराजी ने उन्हें बस गाड़ी के अंदर से ही कैप्चर किया थसोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर इंस्टेंट बॉलीवुड ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें रकुल प्रीत अपने होने वाले पति जैकी भगनानी के घर ढोल नाइट के लिए जाती हुई नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिला। ऐसे में कुछ पैपराजी ने उन्हें गाड़ी के अंदर से कैप्चर किया। वहीं, रकुल और उनके परिवार वालों के चेहरे पर शादी की एक्साइटमेंट साफ दिखाई दे रही थी।बता दें कि कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की शादी के कुछ फंक्शन मुंबई में ही होंगे। इसके बाद शादी गोवा में होगी, जिसमें दोस्त और परिवार के कुछ खास लोग शामिल होंगे।हाल ही में यह खबर आई थी कि अपने काम की वजह से इस कपल ने शादी के बाद अपने हनीमून को पोस्टपोन कर दिया है। एक तरफ जैकी जहां 'बड़े मिया छोटे मिया' को लेकर व्यस्त हैं। वहीं, शादी के एक हफ्ते बाद रकुल भी अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, रकुल और जैकी अपनी शादी के बाद मुंबई में 22 फरवरी को ग्रैंड रिसेप्शन का आयोजन करने सकते हैं।



# शाहिद कपूर-कृति सेनन की फिल्म की चमकी किस्मत पहले हफ्ते में ही 50 करोड़ के पहुंची करीब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने हैरान करने वाला शानदार बिजनेस किया है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' एक साई-फाई फिल्म है, लेकिन रोमांस और कॉमेडी के तड़के के साथ। रिलीज



बिजनेस किया है। रिलीज के महज एक हफ्ते में फिल्म हाफ सेंचुरी के करीब पहुंच गई है।7 तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक साई-फाई फिल्म है लेकिन रोमांस और कॉमेडी के तड़के के साथ। रिलीज से पहले फिल्म के अच्छे बिजनेस की कम उम्मीद थी क्योंकि एडवांस बुकिंग में बस ठीक-ठाक कमाई हुई थी। हालांकि तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने महज एक हफ्ते में सारा गणित पलट दिया है।बॉक्स ऑफिस पर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' फुल स्पीड में दौड़ लगा रही है। बिना किसी हॉलीडे के भी फिल्म ने से पहले फिल्म के अच्छे बिजनेस की कम उम्मीद थी, क्योंकि एडवांस बुकिंग में बस ठीक-ठाक कमाई हुई थी। हालांकि, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने महज एक हफ्ते में सारा गणित पलट दिया है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बिजनेस को वैलेंटाइन वीक ने काफी फायदा दिया। इसके साथ ही वीकेंड के बाद भी फिल्म का बिजनेस बढ़ता गया। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने बॉक्स ऑफिस पर 6.70 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी। वहीं, दूसरे दिन कलेक्शन 9.65 करोड़ रहा, जबकि तीसरे दिन बिजनेस 10.75 करोड़ हो गया।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने ओपनिंग वीकेंड पर 27 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, मंडे टेस्ट में मामला थोड़ा बिगड़ता हुआ लगा। पहले सोमवार को फिल्म ने सिर्फ 3.65 करोड़ कमाए। मंगलवार को भी बिजनेस 3.85 ही रहा, लेकिन बुधवार यानी वैलेंटाइन डे के दिन 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने 6.75 करोड़ के करीब कमाई कर ली।14 फरवरी को बिजनेस में उछाल आया और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की चांदी हो गई। वहीं, अब एक बार फिर कलेक्शन गिरता हुआ नजर आया। फिर भी पहले हफ्ते में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बिजनेस को शानदार कहा जा सकता है।के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने सातवें दिन यानी 15 फरवरी को 3.25 करोड़ कमाए। इसके साथ ही रिलीज के 7 दिनों में फिल्म ने 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 44.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' अब 50 करोड़ की ओर बढ़ रही है। बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म की स्पीड को देखकर कहा जा सकता है ।

# बाजीगर के दौरान मैं शाहरुख खान से ज्यादा मशहूर था जानी लीवर ने किया खुलासा


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जॉनी लीवर जिनका असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। एक्टर ने अपने करियर की शुरुआत एक स्टैंड अप कॉमेडियन के तौर पर की थी। एक समय था जब वह



स्टेज शोज किया करते थे। ऐसे ही एक स्टेज शो में सुनील दत्त की नजर उन पर पड़ी।जॉनी लीवर को फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में पहला ब्रेक दिया। अब तक के करियर में अभिनेता ने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने पर्दे पर हर एक सुपरस्टार के साथ काम किया है। इन्हीं में से एक है बॉलीवुड के किंग शाह रुख खान ।उन्होंने जॉनी लीवर को फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में पहला ब्रेक दिया। अब तक के करियर में अभिनेता ने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने पर्दे पर हर एक सुपरस्टार के साथ काम किया है। इन्हीं में से एक है बॉलीवुड के किंग शाह रुख खान अब एक्टर ने एक इंटरव्यू में शाह रुख खान के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा है कि वह शाह रुख से भी ज्यादा मशहूर थे।जॉनी लीवर ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के शो में अपनी लाइफ को लेकर कई खुलासे किए और इस दौरान उन्होंने बताया कि फिल्म 'बाजीगर' के दौरान वह शाह रुख से भी ज्यादा मशहूर थे। एक्टर ने कहा, जब बाजीगर बन रही थी उस दौरान लोग मुझे शाह रुख खान से ज्यादा जानते थे। तब मैं स्टार था और शाह रुख खान उभर ही रहे थे। जॉनी लीवर ने आगे किंग खान के बारे में बात करते हुए बताया कि, मैंने शाह रुख खान जैसा मेहनती नहीं देखा है। उस दौर में शाहरुख को डांस और एक्शन सीन में दिक्कत होती थी।

# अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण में भी सक्रिय हैं आलिया भट्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** किसी प्रोजेक्ट से बड़े सितारे का नाम जुड़ने से उसको बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। 23 फरवरी से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित हो रही वेब सीरीज पोचर से अभिनेत्री आलिया भट्ट भी बतौर एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर कुछ ऐसे ही कारणों से जुड़ी है।आलिया ने पोचर के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं और रिची साल 2022 में मिले थे। उस समय मैं गर्भ से थी। उस समय हमने बच्चों के पालन पोषण से लेकर सिनेमा फिल्में कला समेत कई चीजों के बारे में बातें की। उसी मीटिंग के दौरान वह मुझे पोचर



की दुनिया में ले गए। पहले तो मैं कहानी सुनकर चौंक गई थी।वेब सीरीज डेल्ही क्राइम के निर्देशक रिची मेहता के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में रोशन मैथ्यूज, निमिशा सजयान और दिब्येंदु भट्टाचार्य अहम भूमिकाओं में हैं। गुरुवार को आलिया मुंबई में इस शो के ट्रेलर लांच समारोह में भी शामिल हुई। आलिया इस शो से तब जुड़ी थीं, जब उनकी बेटी राहा उनके गर्भ में थीं।आलिया ने शो से जुड़ने को लेकर कहा कि मैं और रिची साल 2022 में मिले थे। उस समय मैं गर्भ से थी। मेरा प्रसव बहुत नजदीक था। उस समय हमने बच्चों के पालन पोषण से लेकर, सिनेमा, फिल्में, कला समेत कई चीजों के बारे में बातें की। उसी मीटिंग के दौरान वह मुझे पोचर की दुनिया में ले गएं। पहले तो मैं कहानी सुनकर चौंक गई थी कि यह सत्य घटना पर आधारित है। फिर हम इस पर बातें करते रहेंआगे बोलीं कि शो बनने के बाद रिची ने मुझे देखने के लिए इसके पहले दो एपिसोड साझा किए। मैं तो बस एक आम इंसान की तरह इसे देखती रही।

# मैं तुझे उतना ही चाहता हूं अब भीअभिशेक कुमार को याद आई एक्स ईशा मालवीय

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस के रनर-अप अभिषेक कुमार को फैंस भूल नहीं पा रही है। शो में उनकी मस्ती ने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया था। एक्टर भले बिग बॉस 17 के विनर न बन पाए हो, लेकिन फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। हाल ही में अभिषेक कुमार का म्यूजिक वीडियो भी रिलीज हुआ है। वहीं, अब उनका एक पोस्ट चर्चा बटोर रहा है।बिग बॉस 17 के घर में अभिषेक कुमार का सामना उनकी एक्स ईशा अक्सर कहते हुए नजर आए कि ईशा अब उनके लिए कोई मायने नहीं रखती हैं। हालांकि, एक्ट्रेस के एलिमिनेशन के बाद वो उनका हेयर बैंड संभाल कर अपने पास रखते हुए नजर आए थे।अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद भी कई बार मीडिया में कहा कि ईशा मालवीय का चैप्टर अब उनकी जिंदगी से खत्म हो गया है। हालांकि, एक्टर के पोस्ट से कहानी कुछ और लग रही है। अभिषेक कुमार ने अपनी इंस्टाग्राम



मालवीय से हुआ। काफी लड़ाई-झगड़े के बाद दोनों एक बार फिर साथ आने लगे थे लेकिन बीच में सामर्थ जुरेल की एंट्री हो गई। अभिषेक शो में अक्सर कहते हुए नजर आए कि ईशा अब उनके लिए कोई मायने नहीं रखती हैं। हालांकि वो एक्ट्रेस का हेयर बैंड संभालकर रखते नजर आए थे।अभिषेक कुमार ने वैलेंटाइन डे के बाद एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया कि फैंस को ईशा मालवीय की याद आ गई।बिग बॉस 17 के घर में अभिषेक कुमार का सामना उनकी एक्स ईशा मालवीय से हुआ। काफी लड़ाई- झगड़े के बाद दोनों एक बार फिर साथ आने लगे थे, लेकिन बीच में सामर्थ जुरेल की एंट्री हो गई। अभिषेक शो में स्टोरी में लिखा, ठमैं तुझे उतना ही चाहता हूं अब भी। तुझे खोना नहीं चाहता कभी भी। पर अब जब मैं तुझे नहीं चाहिए। मेरी आवाज रह रही है दबी सी। एक्टर के इस पोस्ट को लेकर फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि अभिषेक ने ये ईशा के लिए ही लिखा है।अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि ईशा मालवीय की कहानी अब उनके लिए खत्म हो चुकी है। हमारे बीच जो कुछ भी था, वो मैं वहीं छोड़ आया हूं। मैंने अंकिता जी से एक बात सीखी है डन एंड डस्टेड। अब ईशा के लिए मैं यही कहूंगा, जो होना था हो गया।

# अरबाज खान को पहले ऑफर हुई थी अक्षय कुमार की ये सुपरहिट फिल्म, सालों बाद अब एक्टर ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान के छोटे भाई और अभिनेता, निर्माता और निर्देशक अरबाज खान को पर्दे पर बड़े भाई सलमान खान की तरह सफलता नहीं मिली। एक्टर ने अपने विलेन का रोल निभाया था, जिसके लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट एक्टर इन नेगेटिव रोल का अवॉर्ड भी मिला था, लेकिन क्या आप जानते हैं एक्टर को अब्बास-मस्तान ने 'दरार' से पहले फिल्म खिलाड़ी बन गए।एक्टर ने कहा, उन्हें डायरेक्टर्स अब्बास-मस्तान ने 'खिलाड़ी' फिल्म ऑफर की थी, लेकिन मैं वो नहीं कर पाया। इस फिल्म में मुझे अक्षय कुमार वाला रोल ऑफर हुआ था। फिर वह रोल



करियर की शुरुआत फिल्म 'दरार' से की थी, जो साल 1996 में रिलीज हुई थी। अरबाज खान ने फिल्म दरार बॉलीवुड में डेब्यू किया था जो साल 1996 में रिलीज हुई थी । वहीं अब सालों बाद एक्टर ने खुलासा किया कि उन्हें अब्बास-मस्तान कि फिल्म खिलाड़ी भी ऑफर हुई थी । इस राज से पर्दा खुद इतने सालों बाद अरबाज खान ने उठाया है ।इस फिल्म में उन्होंने ऑफर थी, जिसमें अक्षय कुमार नजर आए थे। इस राज से पर्दा खुद इतने सालों बाद अरबाज खान ने उठाया है।अरबाज खान ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में बताया है कि, अब्बास-मस्तान की फिल्म 'खिलाड़ी' पहले उन्हें ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने इसे करने से मना कर दिया था, जिसके बाद ये फिल्म अक्षय कुमार की झोली में जा गिरी और वह सुपरस्टार अक्षय कुमार ने किया। फिल्म बड़ी हिट साबित हुई, और अक्षय बड़े स्टार बन गए ।'अरबाज खान इन दिनों अपने पर्सनल को लेकर चर्चा में है। दिसंबर में उन्होंने दूसरी शादी रचाई है। मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को अपना हमसफर बनाया है। इनकी मुलाकात पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी। दोनों ने 2 सालों तक एक-दूसरे को डेट किया और साल 2023 में शादी की ।

# अर्टिकल 370 को आलोचकों ने बताया प्रोपेगेंडा फिल्म यामी गौतम ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर सुखियों में बनी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे कुछ लोगों ने काफी पसंद किया, तो कुछ ने इस प्रोपेगेंडा फिल्म बता दिया। अब यामी ने इस बारे में खुलकर बात की है और फिल्म की आलोचना करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।आदित्य धर के निर्देशन में बनी यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 के ट्रेलर रिलीज के बाद सुखियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब ट्रेलर रिलीज हुआ तो लोगों ने इसके काफी पसंद किया। वहीं कुछ लोगों ने इसे प्रोपेगेंडा फिल्म भी बताया। अब यामी गौतम ने फिल्म की आलोचना करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।आदित्य धर के निर्देशन में बनी 'आर्टिकल 370' में देखने को मिला था कि कैसे कश्मीर में धारा 370 हटाने से पहले किस तरह की गतिविधियां हो रही थीं। इसके बाद वहां का माहौल कैसा था।बता दें कि यामी गौतम की ये फिल्म लोकसभा चुनाव से पहले ही रिलीज होने वाली है। अब हाल ही में, पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में यामी गौतम ने कहा कि लोगों के सामने उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' के इरादे को सही ठहराने का कोई मतलब नहीं है, जहां मन में पहले से ही यही धारणा है कि यह एक प्रोपेगेंडा फिल्म है।यामी में कहा, 'अगर इसे कोई प्रोपेगेंडा, अंधराष्ट्रवाद और चेस्ट ठंपिंग जैसे नामों से बुरा रहा है, कोई भी वर्ग जो पहले से यह सोचकर या फिर इस तरह की धारणा लेकर सिनेमाघरों में जाता है कि ये यही है, आप कभी भी फिल्म एंजॉय नहीं कर पाएंगे या फील नहीं कर पाएंगे। उनके लिए फिल्म को सही ठहराने का कोई मतलब नहीं है।

# पैसे कमाने के लिए गलत रास्ते पर नहीं जा सकते हैं गुरु रंधावा ने खोले अपने दिल के राज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**कई गायक हैं, जिन्होंने अपनी किस्मत को अभिनय को क्षेत्र में भी आजमाया है। गायक गुरु रंधावा का नाम भी उसमें शुमार हो गया है। बतौर अभिनेता अपने करियर की पारी वह फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से शुरू कर रहे एक और हिंदी फिल्म साइन कर ली है, साथ ही दो और पंजाबी फिल्मों की शूटिंग भी पूरी कर ली हैं। उनसे बातचीत के अंश।- अभिनय सीखने के लिए मैंने कई वर्कशाप्स किए हैं। जिन दर्शक ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है, उनको दिमाग में रखते हुए अभिनय



हैं।गायक गुरु रंधावा बतौर अभिनेता अपने करियर की पारी फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से शुरू कर रहे हैं। फिल्म आज (16 फरवरी) सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। गुरु फिलहाल गायकी के साथ अभिनय पर भी ध्यान देने वाले हैं। उन्होंने एक और हिंदी फिल्म साइन कर ली है साथ ही दो और पंजाबी फिल्मों की शूटिंग भी पूरी कर ली हैं।फिल्म आज (16 फरवरी) सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। गुरु फिलहाल गायकी के साथ अभिनय पर भी ध्यान देने वाले हैं। उन्होंने के लिए तैयार हुआ हूं। रही बात प्रसिद्धि की, तो वो कहां जाएगी। मैं संगीत और फिल्मों के जरिए लोगों के बीच दिखता रहूंगा। पूरा प्रयास करूंगा कि लोगों को मुझे देखना ही पड़े। इस फिल्म के बाद मेरी अखिल भारतीय फिल्म शाहकोट भी रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। एक और पंजाबी फिल्म शूट कर चुका हूं। अब ज्यादा फिल्में किया करूंगा।कलाकार की परिभाषा यही है कि आप ग्लैमर की दुनिया से निकलकर वास्तविक दुनिया में जाएं।

# जल्दबाजी में फिल्माया गया था सुपरहिट गाना तू प्यार का सागर है एक ही कुर्सी पर लगातार बैठे थे बलराज साहनी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नूतन ने एक से बढ़कर एक फिल्में अपने दर्शकों को दी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 1950 में फिल्म 'बेटी' से की थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने नागिना, हम लोग, पर्वत और शबाब जैसी फिल्मों में काम किया।सीमा 50 के दौर की सबसे सुपरहिट फिल्मों में शामिल है। 1955 में रिलीज हुई इस मूवी में नूतन और बलराज साहनी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सीमा का एक गाना तू प्यार का सागर है मनन डे की आवाज में लोगों ने बेहद पसंद किया था। इस पूरे गाने को लगातार एक कुर्सी पर बैठकर सिर्फ एक टेक में कैसे बलराज साहनी ने शूट किया पढ़ें दिलचस्प किस्सा।साल 1955 में नूतन ने एक फिल्म में काम किया था, जिसका टाइटल था 'सीमा'। इस फिल्म में नूतन के अपोजिट बलराज साहनी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन अमिय चक्रवर्ती ने किया था, जिन्होंने उस दौर में शहंशाह और कठपुतली जैसी फिल्में दी थी।आज अपने इस




आर्टिकल में हम आपको 1955 में रिलीज हुई फिल्म 'सीमा' के गाने 'तू प्यार का सागर है' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा बताने जा रहे हैं, जो आपने इससे पहले शायद ही सुना होगा। ये गाना कैसे शूट हुआ, कितने दिनों में हुआ और बलराज साहनी ने कैसे एक कुर्सी पर बैठे-बैठे पूरे गाने की शूटिंग कर डाली, चलिए जानते हैं पूरी डिटेल।आज के दौर में जहां एक गाने को शूट करने के लिए मेकर्स कई-अलग लोकेशंस की तलाश में विदेशों तक पहुंच जाते हैं, तो वहीं 'सीमा' में एक पूरा गाना एक कुर्सी पर बैठकर ही एक्टर बलराज साहनी ने शूट कर दिया था। मनन डे द्वारा गाए गीत'तू प्यार का सागर है' गाने की शूटिंग करने के लिए बलराज साहनी ने सिर्फ 1 दिन में की थी।दरअसल बलराज साहनी को किसी काम के सिलसिले में जल्द से जल्द एयरपोर्ट पहुंचना था, लेकिन डायरेक्टर अमिय चक्रवर्ती ने उनके सामने ये शर्त रख दी थी कि 'तू प्यार का सागर है' गाना उसी दिन शूट होना है। निर्देशक की बात के आगे जब अभिनेता बलराज साहनी का बस नहीं चला, तो उन्होंने इस गाने को जल्द से जल्द जैसे-तैसे शूट किया।बलराज साहनी ने अमिय के जोर देने के बाद ये गाना उसी दिन शूट किया। ऐसा कहा जाता है कि बलराज साहनी गाने में एक कुर्सी पर बैठ गए और एक टेक में ही ये पूरा गाना शूट हो गया। अगर आप इस गाने का गौर से देखेंगे तो आपको ये एहसास होगा कि कैसे इस गाने में केवल तीन शॉट्स ही लगाए गए हैं।तू प्यार का सागर है' गाने को मनन डे ने अपनी खूबसूरत आवाज दी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।